सूर्योदय 6:02 सूर्यास्त 6:29
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 32.1
न्यूनतम 22.8

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 | मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-254 | मंगलवार 14 सितम्बर, 2021 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4


जिसने क्रोध को जीत लिया, समझो उसने सारा जगत जीत लिया।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

अपने असफल मुख्यमंत्रियों को बदलने में व्यस्त है भाजपा : पी चिदंबरम



तअल्लुक बोझ बन जाए तो उसको तोड़ना अच्छा.....

# योगी जी, अफसरों को नहीं दिखते 22 किमी में 341 गड्ढे

**–४३ के करीब जानलेवा गड्ढे दे रहे हैं हादसों को न्यौता, राजमार्ग के अधिकारियों को है शायद हादसों का इंतजार –बदहाली के आंसू बहा रहा है जानसठ रोड, गड्ढों में तब्दील हुई आधी से अधिक सड़क –मुख्यमंत्री ने २० सितंबर से २० नवम्बर तक सड़कों के गड्ढों को भरने ने दिए निर्देश**

मुजफ्फरनगर, १३ सितंबर (बु.)। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जरूर सड़कों में गड्ढे नजर आ रहे हैं, लेकिन शायद मुजफ्फरनगर के अफसरों को गड्ढों में तब्दील हुई सड़क दिखाई नहीं दे रही है, तभी तो मुजफ्फरनगर–जानसठ राजमार्ग पर गड्ढों की तादाद अब बढ़कर ३४१ के करीब पहुंच गई है। ४३ के करीब गड्ढे तो जानलेवा है, वहां कब अनहोनी हो जाएगा, कुछ कहा नहीं जा सकता है। देखते है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी इन सड़कों की दशा सुधर पाती है या नहीं। गड्ढा मुक्त सड़क योगी सरकार की प्राथमिकता रही है, लेकिन निचले स्तर पर अधिकारियों ने इसे ज्यादा तवज्जों नहीं दी। बरसात से पहले बने गड्ढे भरे नहीं गए। इसका परिणाम यह हुआ बारिश के बाद गड्ढे इतने बड़े हो गए कि आधी से अधिक सड़क गायब होकर तालाब में तब्दील हो गई। जिले की अधिकांश सड़कों की यही हालत है, लेकिन सबसे ज्यादा बुरा हाल जानसठ रोड की सड़क की है, जहां से तीन विधानसभाए जुड़ी हुई है। इस रोड की हालत तो बरसात से पहले ही खराब थी। गड्ढों की वजह से लगने वाले जाम के बाद मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रयासों से गड्ढों में रोड़ा, तो भर दिया गया था, लेकिन उसकी मरम्मत नहीं की गई थी। बारिश के बाद मुजफ्फरनगर से जानसठ तक का २२ किलोमीटर का सफर मुसीबत भरा हो गया। शेरनगर बाईपास से इस खौफनाक सफर की शुरुआत होती है, जिसके आगे हर कदम पर खतरे ही खतरे भरे हुए हैं। मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम के भी गड्ढे गिनते–गिनते आंखें जवाब देने लगी। सबसे ज्यादा बुरा हाल बाइपास से लेकर निराना तक के है। वैसे सिखेड़ा, नंगला नहर, चितौड़ा और कवाल तक गड्ढों की भरमार है। ४३ करीब गड्ढे ऐसे हैं, जो जानलेवा हैं। यदि कोई वाहन तेजी से आता है तो निश्चित रूप से उनमें गिरकर दुर्घनाग्रस्त होता है। ऐसे में वाहन यहां रेंगकर चलता है, जिससे दिन भर जाम लगा रहता है। यह हालत तब है, जब पुलिस, प्रशासन और सरकार के नुमाइंदों के वाहन दिन–रात सड़क पर दौड़ते हैं, लेकिन एसी वाहनों में चलने वाले अधिकारियों को टूटी सड़कें और उड़ने वाले धूल का गुब्बार नहीं दिखता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर से प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त करने का फैसला लिया है। इसी कड़ी में २० सितंबर से २० नवंबर तक अभियान चलाकर प्रदेश की सभी सड़के गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए हैं। सीएम के इस आदेश के बाद इस रोड पर सफर करने वालों की उम्मीद जगी है, मगर यह देखना दिलचस्प रहेगा कि अधिकारी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए कितने गंभीर नजर आते हैं।

## पुराने प्लानिंग ऑफिस में अधेड़ का शव मिलने से फैली सनसनी

मुजफ्फरनगर, १३ सितम्बर (बु.)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुरानी प्लानिंग ऑफिस वाली गली में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। एंबुलेंस की मदद से शव को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास कर रही है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज शाम कुछ लोगों ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आर्य समाज रोड पर डीएवी कॉलेज के सामने स्थित पुराने प्लानिंग ऑफिस में एक ५६ वर्षीय व्यक्ति का शव पड़े देखा। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ लोगों ने एंबुलेंस की मदद से एक व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिये हैं।




शहर कोतवाली में फुटवियर मालिकों के खिलाफ दर्ज होता मुकदमा, वह शहर कोतवाली में अपनी बात रखते दुकानदार और जब्त किया गया फुटवियर। –फोटो बुलेटिन

## बंदर के काटने से महिला की दर्दनाक मौत

**–अस्पताल में नहीं मिल पाया रेबीज का इंजेक्शन –इलाज के अभाव में हुई दर्दनाक मौत**

भोपा, १३ सितम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर बांगर में बंदरों के काटने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। बंदर के काटने के बाद महिला को सरकारी अस्पताल में नहीं मिल पाया रेबीज का इंजेक्शन। समय पर इलाज न मिल पाने के कारण हालत लगातार हो रही थी खराब। देर रात बेगराजपुर मेडिकल में तोड़ा दम। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य प्रणाली लगातार दम तोड़ रही है। कोरोना जैसी भयंकर बीमारी से जूझ रहे देश में स्वास्थ्य प्रणाली में किसी प्रकार का सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। इसकी बानगी उस समय देखने को मिली, जब एक महिला ने इलाज के अभाव में तड़फ–तड़फ कर दम तोड़ दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर बांगर की गायत्री धाम कॉलोनी निवासी शिमला पत्नी सोमपाल बीते २८ अगस्त को अपने घर में काम कर रही थी, तभी एक बंदरों के झुंड ने महिला पर हमला बोल दिया और उसे कई जगह से बुरी तरह काट लिया। महिला का शोर सुन कर आए पड़ोस के लोगों ने किसी तरह बंदरों को भगाकर महिला को उनके चंगुल से छुड़ाया। मगर तब तक महिला गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे परिजन महिला को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरना पर पहुंचे, परंतु वहां महिला को रेबीज का इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हो पाया, तब चिकित्सकों ने किसी प्राइवेट चिकित्सक से संपर्क किया और महिला का उपचार कराया, परंतु महिला की हालत दिन–ब–दिन बिगड़ती चली गई। रविवार देर रात महिला की हालत ज्यादा खराब होने पर परिजन उसे मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की

शेष : पृष्ठ ४ पर

## पंखे पर झूलता मिला विवाहिता महिला का शव, पीएम हेतु भेजा

**–मृतका विवाहिता विवाहिता महिला की दो पुत्रियां बताई गई है**

कैराना, १३ सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के मामौर गांव में रात्रि के दौरान एक विवाहिता महिला का शव फांसी पर झूलता मिला। महिला के शव को फांसी पर झूलता देख ११२ नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में कर के पंचनामा भरकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी। हालांकि उक्त प्रकरण में देर शाम तक कोई तहरीर नहीं मिल सकी थी। रविवार की देर रात गांव मामौर में २८ वर्षीया महिला का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। मामला गृह क्लेश का बताया जा रहा है। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण में गहराई से जांच करते हुए महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जाता है कि गांव मामोर निवासी खुशरूदीन की पत्नी परवीन (२८) वर्षीया का शव पंखे में लटका मिला। मामला पति पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद बताया जा रहा है। उधर मामले की सूचना ग्रामीणों ने ११२ पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। बाद में सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह राणा एवं हल्का चौकी इंचार्ज ज्ञानेंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल करते हुए मृतक महिला परवीन का शव कब्जे में लिया, जिसके बाद पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया पति–पत्नी का विवाद सामने आ रहा है। बाकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह भी बताते चलें कि विवाहिता महिला परवीन गांव गढ़ीबेसक थाना सनौली निवासी है। उक्त मृतक के दो पुत्रियां भी बताई गई हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस के पास कोई तहरीर नहीं आई थी।

## वाहन चोर की तलाश में पंचकुला पुलिस की न्याजुपुरा में दबिश

मुजफ्फरनगर, १३ सितम्बर (बु.)। शातिर वाहन चोर की तलाश में हरियाणा के पंचकुला थाने की पुलिस ने आज शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव न्याजुपुरा में दबिश दी। हरियाणा प्रांत के पंचकूला की शहर कोतवाली के एसआई सुखचैन व विजेंद्र पुलिस टीम के साथ आज शाम शहर कोतवाली पहुंचे और बताया कि न्याजुपुरा निवासी युवक उनके थाने से वाहन चोरी के मामले में वांछित है। पंचकूला पुलिस ने शहर कोतवाली में अपनी आमद दर्ज कराकर स्थानीय पुलिस के साथ न्याजुपुरा में आरोपी के ठिकाने पर दबिश दी, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आ सका।

## गुदड़ी बाजार में नकली रिलैक्सो फुटवियर की सूचना पर छापेमारी

मुजफ्फरनगर, १३ सितंबर (बु.)। शहर में आये दिन छापामारियों से व्यापारियों में खलबली मची हुई है। कभी एक्सपायरी दवाईयां, कभी जीएसटी की रेड और अब नकली चप्पल की सूचना से हुई छापामारी से सोमवार को नगर में हड़कम्प मच गया। दोपहर दो बजे दिल्ली से आई टीम ने गुदड़ी बाजार की कई दुकानों पर छापामार कार्यवाही की। टीम का कहना था कि उन्हें सूचना मिली है कि उक्त बाजार में रिलैक्सो फुटवियर कम्पनी के नकली जूते चप्पल बेचे जा रहे हैं। छापामार कार्यवाही के दौरान शहर कोतवाली पुलिस भी साथ रही। टीम ने बताया कि दिल्ली के महेन्द्र पाल रानी बाग निवासी जगमोहन गब्बर दिल्ली टीम के साथ शहर कोतवाली पहुंचे और उन्होंने गुदड़ी बाजार में नकली चप्पलों की बिक्रि की बात कही। इस पर पुलिस ने गुदड़ी बाजार स्थित मोहनलाल एण्ड संस, सूरज प्रकाश फुटवियर, अंकित फुटवियर, श्रीराम फुटवियर आदि दुकानों पर छापामारी की। छापामारी के दौरान उक्त सभी व्यापारियों ने छापामार टीम को संतोषजनक जवाब दिये और जांच की कार्यवाही में आई टीम का पूरा साथ दिया। व्यापारियों का कहना था कि वे अपने अलग ब्राण्ड की फुटवियर बेच रहे हैं। व्यापारियों का कहना था कि उनकी दुकान में किसी प्रकार का कोई नकली माल नहीं है। यदि फिर भी टीम को यकीन नहीं है, तो वे उनकी दुकानों से सैम्पल ले सकते हैं। इस पर टीम ने मोहनलाल एण्ड संस की दुकान से ५३ जोड़ी रिलैक्सो चप्पल, प्रकाश फुटवियर के मालिक दिनेश से २१ जोड़ी, अंकित फुटवियर से १३ जोड़ी, श्रीराम फुटवियर से ३४४ पीस अपनी सुपुर्दगी में लिये। टीम के साथ आये अधिकृत व्यक्ति जगमोहन बब्बर ने चारों दुकान मालिकों के खिलाफ शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सामान सीज करने की कार्यवाही की। उक्त कार्यवाही से सोमवार को जूता व्यापारियों के बीच हड़कम्प मचा रहा। हालांकि जूता व्यापारी भी अपनी बात रखने के लिए शहर कोतवाली इकट्ठा होकर गये और अपनी सारी बात शहर कोतवाली को बताया।

## मलकागंज में इमारत गिरी, मलबे में दो बच्चों के दबे होने की आशंका

नयी दिल्ली, 13 सितम्बर ( वार्ता )। दिल्ली के मलकागंज इलाके में सोमवार को एक मंजिला इमारत गिर गई है जिसमें दो बच्चों के दबे होने की आशंका है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यूनीवार्ता को बताया की अपराह्न करीब 11 बजकर 50 मिनट पर दमकल विभाग को इमारत गिरने की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि दो बच्चों के मलबे में दबे होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि दमकल की पाँच गाड़ियाँ राहत बचाव के काम में लगी है।

## दो बाइकों की जबरदस्त भिड़ंत में ४ व्यक्ति घायल

भोपा, १३ सितम्बर (बु.)। रहकड़ा पुलिया दो बाइकों की भिड़ंत में ४ लोग घायल हो गए, जिन्हें राहगीरों मेव पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया। तीन घायलों की हालत गंभीर होने कारण उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जिला सहारनपुर क्षेत्र के थाना नागल के गांव खजूर वाला गांव निवासी संदीप कुमार, सतीश व शुभंकर गिरी महाराज अपने गांव से बाइक पर सवार होकर शुकतीर्थ घूमने के लिए आए थे। जैसे ही वह अपने गांव वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकड़ा पुलिया के निकट पहुंचे, तो मुजफ्फरनगर की ओर से आ रहे बाइक सवार परविंदर व कृष्ण निवासी मखियाली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर जबरदस्त होने के कारण सभी लोग सड़क पर जा गिरे, जिनमें संदीप, शुंभकरण गिरी महाराज, कृष्ण, परविन्द्र को चोटें आई। पुलिस व राहगीरों की मदद से सभी घायलों को भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए ले जाया गया। जहां से संदीप, परविंदर, कृष्ण को गंभीर चोट आने के कारण जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।


**डायबिटीज (शुगर) का ईलाज सम्भव है**

देहरादून के वरिष्ठ शुगर (डायबिटीज), थायराईड एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर मुजफ्फरनगर में महीने के प्रथम व तीसरे बुधवार को उपलब्ध है।

**डॉ. अनिल कुमार भट्ट**
एम.बी.बी.एस., एम.डी., पी.एच.डी (डायबिटोलोजिस्ट)
डी.एम. (डायबिटीज मैंनेजमेंट)
रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन्स, इंग्लैंड
भूतपूर्व शुगर रोग विशेषज्ञ- गुरू तेज बहादुर हॉस्पिटल

–: मुजफ्फरनगर में मिलने का स्थान :–
**हिन्द सुपर स्पेशिलिटी मेडीकेयर सेंटर**
203/52A, गली नं0 1, सद्दर बाजार, मुजफ्फरनगर

डॉक्टर साहब दिनांक 15 सितम्बर 2021, दिन बुधवार को आयेंगे।
समय प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक

**नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें -9389253155**


## भूतप्रेत व गंभीर बीमारियों के नाम पर महिला से बलात्कार करने वाला तांत्रिक सुहैल पुलिस को सौंपा

खतौली, १३ सितंबर (बु.)। भूतप्रेत व गम्भीर बिमारियों से मुक्ति दिलाने के बहाने ईलाज करने के नाम पर पीड़ित महिला के साथ उसके ही मकान में बलात्कार करने की घटना को अंजाम देने वाले तांत्रिक को परिजनों ने दबौच कर पुलिस के सुपुर्द किया। मिली जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी एक महिला विगत काफी समय से रोगों से पीड़ित चल रही थी। अनेक चिकित्सकों के उपचार से ही पीड़ित महिला रोग मुक्त न होने से परिजन परेशान बने हुए थे। बताया जाता है कि इस दौरान किसी परिचय द्वारा परिजनों को जनपद शामली के कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी तांत्रिक सुहैल उर्फ नफीस पुत्र अख्तर के बारे में जानकारी दी। परिचित व्यक्ति की सलाह पर महिला के परिजनों द्वारा तांत्रिक सुहैल से सम्पर्क कर महिला का ईलाज करने की गुहार की गयी, जिस पर तांत्रिक सुहैल गत रविवार देर रात्रि पीड़ित महिला के घर पहुंचा। तांत्रिक ईलाज करने की बात कहते हुए महिला को मकान के एक कमरे में ले गया। आरोप है कि कमरे में तांत्रिक ने ईलाज के नाम पर पीड़ित महिला के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दे दिया। कुछ समय पश्चात अपने होशोहवास में आई महिला द्वारा जब परिजनों को ईलाज के नाम पर तांत्रिक द्वारा दुष्कर्म करने की जानकारी दी, तो आक्रोषित परिजनों के आक्रोष को देखकर जैसे ही मकान से भागने का प्रयास किया, तभी परिजनों द्वारा आरोपी तांत्रिक को मकान के बाहर से दबोच लिया तथा रात्रि में ही कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। नगर क्षेत्र की कॉलोनी में महिला के साथ बलात्कार की घटना की सूचना पर आनन–फानन में कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार सहित सौरभ गौड, चेतन सिंह पुलिस कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची तथा आरोपी तांत्रिक सुहैल को गिरफ्तार कर पीड़िता को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परीक्षण हेतु भिजवाया गया। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी तांत्रिक सुहैल को जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरी ओर पूजा अर्चना के लिए मंदिर गई नाबालिग बालिका के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी मंदिर के पुजारी को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी निवासी एक परिवार की नाबालिग बालिका प्रतिदिन कॉलोनी में स्थित श्री कैला देवी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए जाती थी। आरोप है कि इस दौरान कैला मंदिर के पुजारी द्वारा नाबालिग युवती के साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत की। पीड़ित युवती द्वारा इस सम्बन्ध में अपने परिजनों को जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी दुर्गेश कुमार पुत्र कालीचरण निवासी ग्राम बासोनी थाना बासौनी जिला आगरा हाल निवासी आवास विकास कॉलोनी कैला मंदिर खतौली के विरुद्ध मुकदमा गत माह दर्ज कराया गया। मुकदमा दर्ज होने के पश्चात से ही प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम आरोपी पुजारी की तलाश में जुटी रही। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह, उप निरीक्षक रविन्द्र परिहार सहित सिपाही सन्नी अत्री द्वारा मुखबिर की सूचना पर आवास विकास कॉलोनी के मुख्य गेट से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बारिश के बाद अचानक उफान पर आया कैंपटी फॉल

मसूरी, १३ सितम्बर (नेट)। उत्तराखंड में बारिश का दौर जारी है। पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश का असर मैदानी इलाकों में भी दिख रहा है। वहीं, मसूरी के कैंपटी क्षेत्र में ऊंचाई वाले स्थानों पर बारिश होने से कैंपटी फल में अचानक पानी बढ़ गया। गनीमत रही कि पुलिस ने झरने में नहा रहे २५० से अधिक पर्यटकों को पहले ही दूर भेज दिया था। फॉल में बड़े पैमाने पर पानी आने से आसपास के क्षेत्र में पर्यटकों और लोगों में दहशत का माहौल दिखाई दिया। कैंपटी थानाध्यक्ष नवीन चंद्र जुराल ने बताया कि ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश की सूचना के बाद तत्काल कैंपटी फॉल में तैनात जवानों को अलर्ट कर दिया था। इसके बाद फल में नहा रहे पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। वहीं, मसूरी में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।



## प्रसव के बाद महिला की मौत, लगाया लापरवाही का आरोप

भोपा, १३ सितम्बर (बु.)। प्रसव के बाद महिला की मौत परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा निवासी मिजाज की पत्नी नगमा उम्र ३० वर्ष को रविवार को प्रसव पीड़ा हुई। प्रसव पीड़ा के बाद परिजन महिला को जानसठ आदर्श कॉलोनी में एएनएम राकेश देवी के यह लेकर पहुंचे, जो जानसठ सरकारी अस्पताल में तैनात है। एएनएम ने घर पर ही महिला की नॉर्मल डिलीवरी कराई, जिसमें नगमा को पुत्र पैदा हुआ। डिलीवरी के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। आनन–फानन में एएनएम ने महिला के परिजनों को महिला की हालत बिगड़ जाने की जानकारी दी तथा उन्हें मुजफ्फरनगर के लिए भेज दिया, जहां गंभीर हालत के चलते महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों ने एनम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ककरौली थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। वहीं महिला अपने पीछे नवजात शिशु सहित मोहम्मद अहमद व हुमेरा को अपने पीछे रोता

शेष : पृष्ठ ४ पर




## पालिका में 25 करोड़ रुपए से बदलेगी क्षेत्र की सूरत

**–स्वास्थ्य व जलकल विभाग में होंगे 9–9 करोड़ के कार्य –एटूजेड प्लांट में सुधार को प्रस्ताव पर स्वीकृति की मुहर**

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर ( बु. )। नगरपालिका परिषद् में नगरीय विकास को गति देने के लिए 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से नगर के विकास को पंख लगाने की कवायद शुरू हो गई है। डीएम की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में विकास कार्यो के साथ उपकरण खरीदने को प्रस्ताव तैयार किए जाने के साथ उक्त प्रस्तावों पर चर्चा के बाद में मंजूरी दी है। सोमवार को संपन्न हुई बैठक में 25 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पालिका ने तैयार किए हैं, जिनमें जलकल, स्वास्थ्य और निर्माण विभाग के प्रस्ताव हैं। वहीं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ ही पालिका को संसाधनयुक्त बनाने और पेयजल आपूर्ति सुधारने के लिए भी यह धनराशि खर्च होगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीएम दफ्तर में डीएम चंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग की कमेटी की बैठक आयोजित हुई, जिसमें पालिका प्रशासन की ओर से तैयार किये विकास कार्यो व अन्य प्रस्तावों पर बिन्दूवार चर्चा के बाद उनको मंजूरी प्रदान की गयी। सोमवार को संपन्न बैठक में पालिका में सफाईकर्मियों की मांग के बीच सफाई उपकरण देने को उनकी खरीद का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति में सुधार के लिए नई पाइप लाइन डालने, जर्जर ओवरहेड टैंकों की मरम्मत, एटूजेड प्लॉट पर निर्माण कार्य समेत अन्य व्यवस्था बनाने समेत अनेकों कार्यो के प्रस्ताव शामिल हैं। नगरीय निकाय प्रभारी अधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि डीएम चंद्रभूषण सिंह की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत टाइड ग्रांट के सापेक्ष पालिका से प्राप्त हुए प्रस्तावों के संबंध में बैठक कर प्रस्तावों को पारित कराने के साथ ही जरुरत को देखते हुए मंजूरी प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि जलकल विभाग के करीब 9 करोड़ रुपये के बजट से होने वाले कार्यो के प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि पालिका में करीब 25 करोड़ के प्रस्तावों को तैयार किया है। उक्त कार्य 15वें वित्त आयोग से कराये जाने प्रस्तावित हैं। कुछ अन्य कार्यों के प्रस्तावों को पुनः विचार के लिए रोका है। बैठक में पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल, ईओ हेमराज सिंह, जलकल विभाग के एई सुनील कुमार, जेई शरद गुप्ता, लिपिक विकास बालियान आदि मौजूद रहे। बता दें, शासन से प्राप्त 15वें वित्त आयोग की प्रथम व द्वितीय किश्त की धनराशि से होने वाले विकास कार्यो को पालिका से

शेष : पृष्ठ ४ पर

## ठगों का नया गैंग, साइकिल की टक्कर मारकर कैश उड़ाया

**–शहर के शिव चौक पर सरेआम हुई ठगी की वारदात, वीडियो हुआ वायरल**

मुजफ्फरनगर, १३ सितंबर (बु.)। मोबाइल, चेन लुटेरों के बाद ठगों के गैंग ने अपनी दस्तक दी है। सोमवार को शिव चौक के पास बैंक से कैश लेकर निकले एक शख्स को साइकिल से टक्कर मारकर हजारों रुपये का कैश उड़ा लिया गया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अपराध के तौर तरीके रोजमर्रा बदल रहे हैं। कुछ दिन से जिले में मोबाइल, चेन और पर्स लूटने वाले गैंग जनमानस की सुख चैन हर रहा था। कई लुटेरे पकड़े भी गए, लेकिन उनका आतंक कम नहीं हो पाया है। सोमवार को नए गैंग ने अपनी दस्तक दी है। शिव चौक के पास बैंक से कैश लेकर निकले एक शख्स को अपराध का शिकार बना लिया। अपराधी ने पीड़ित को साइकिल की टक्कर मारकर नीचे गिरा दिया और बड़ी सफाई से उसकी जेब से कैश साफ कर दिया। पीड़ित को जब तक इस बात का पता चला, ठग रकम लेकर फुर्र हो गया। ठग की पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने पुलिस को इसकी जानकारी दी या नहीं, यह तो पता नहीं, लेकिन साईकिल की टक्कर मारकर रकम उड़ाने का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। पूर्व में भी इसी तरह कई घटनाएं हो चुकी है। जाहिर है कि नए गैंग ने दस्तक देकर एक बार फिर पुलिस को चुनौती दी है। देखना है कि पुलिस इस गैंग पर कब तक शिकंजा कस पाती है।

## अतिक्रमण हटाने के लिये कस्बे में अभियान चलाया

कांधला, १३ सितम्बर (बु.)। नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिये कस्बे में अभियान चलाया हुआ है, परन्तु अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका द्वारा चेतावनी के बावजूद भी अस्थाई व स्थाई अतिक्रमण करने वालों पर कोई असर नहीं हो पाया है। एसडीएम देवेन्द्र सिंह ने नगर पालिका का कार्य भार संभालने के बाद कस्बे में सफाई व अतिक्रमण को हटाने के लिये अभियान चलाये हुए हैं। सोमवार को नगर पालिका द्वारा कस्बे में माइक घूमा कर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है। अतिक्रमण के कारण हिन्दू इन्टर से लेकर आगे तक वही माता मन्दिर व गंगेरू रोड पर खालो पर अतिक्रमण होने के कारण खालो की सफाई व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं। हल्की बरसात में ही पानी सड़कों पर चलने लगता है। अभी तक खालों से अतिक्रमण करने वालों पर चेतावनी का कोई असर नहीं हो पा रहा है। दिल्ली बस स्टैण्ड पर बुढ़ाना तिराहे से लेकर कैराना मार्ग की और अतिक्रमण करने वालो के साथ बाजार से अतिक्रमण करने वालो पर कोई असर नहीं हो पा रहा है। वहीं गली मौहल्लों में भी अतिक्रमण की चपेट में आ रहे हैं।

## पुलिस कुर्की वारंट लेने की तैयारी कर रही

जानसठ, १३ सितम्बर (बु.)। गांव अहरोड़ा निवासी पूर्व प्रधान मांगेराम की हत्या में फरार दो आरोपितों के खिलाफ पुलिस कुर्की वारंट लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस पहले ही तीन आरोपितों को जेल भेज चुकी है, लेकिन अभी तक दो आरोपित पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे हैं। पूर्व प्रधान मांगेराम हत्याकांड में आरोपित फरार दो आरोपित पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ रहे हैं। पुलिस ने उनको ढूढ़ने की कोशिश में लगी है, लेकिन दोनों आरोपित फरार चल रहे हैं। इंस्पेक्टर डीके त्यागी ने बताया कि आरोपितों की तलाश में कई जगहों पर दबिश दी जा चुकी है, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। पुलिस अब उनकी कुर्की वारंट लेने की तैयारी में लगी है। कुर्की वारंट लेकर आरोपितों के घर की कुर्की की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में अंकुर निवासी अहरोड़ा व सौरभ निवासी ढ़ासरी फरार चल रहे हैं।

## रंगरलिया मनाने वाले युवक की धुनाई

कांधला, १३ सितम्बर (बु.)। कस्बे के पूर्वी यमुना नहर पटरी सरकारी नर्सरी के समीप युवक–युवतियों को कुछ लोगों ने रंगरलिया मनाते हुए दबोच लिया। मामले को लेकर काफी हंगामा हुआ। सोमवार को पूर्वी यमुना नहर पटरी सरकारी नर्सरी के समीप एक स्कूल ड्रैस पहने युवक व युवती संदिग्ध परिस्थिति में इधर–उधर घूम रहे थे। कुछ देर बाद दोनों मौका पाकर सरकारी नर्सरी के समीप बने एक कच्चे कमरे में जा पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार उनकी हरकत पर संदेह होने के बाद आसपास से गुजरने वाले लोग वहां पहुंचे, तो दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। लोगों ने युवक की जमकर धुनाई शुरू कर दी, लेकिन मौका पाकर युवक वहां से भाग खड़ा हुआ। उधर युवती ने बताया कि यहां जनपद बागपत के एक कस्बे से कॉलेज में पढ़ने के लिए आती है। युवती ने लोक लिहाज का हवाला देते हुए माफी मांगी, जिसके चलते लोगों ने युवती को नसीहत देकर छोड़ दिया। मामले को लेकर पुलिस ने घटना के जानकारी पर अनभिज्ञता व्यक्त की है।

## वांछित आरोपी युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया

कांधला, १३ सितम्बर (बु.)। कांधला पुलिस ने एक वांछित आरोपी युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया है और मामले में आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है, कांधला कस्बे के किवाना मार्ग महालक्ष्मी धर्म कांटे के पास का है, जहां से पुलिस ने कांधला थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी वांछित आरोपी गौरव नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के कब्जे से पुलिस ने तलाशी के दौरान एक अवैध चाकू भी बरामद किया है, जिसके बाद पुलिस ने पकड़े गए वांछित आरोपी गौरव के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है और मामले में आगे की वैधानिक कानूनी कार्यवाही तेज कर दी है।

# मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर बनाए जा रहे हेलीपैड का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

## –शामली मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी

कैराना, १३ सितम्बर (बु.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित शिलान्यास कार्यक्रम के मद्देनजर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिले के अन्य अधिकारियों के साथ कैराना में बनाए गए हेलीपैड आदि का निरीक्षण किया। अफसरों ने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। सभी को कार्यक्रम की तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव ने सोमवार को कैराना पहुंचकर शामली रोड स्थित विजय सिंह पथिक कॉलेज एवं नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज में निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान अपने अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आगामी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर तैयारियां करने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही साथ उन्होंने शामली रोड से अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त निर्देश पुलिस को जारी किए हैं। बताते चलें कि नगर के कांधला रोड पर स्थित ऊंचा गांव के निकट पीएसी कैंप बनाए जाने को लेकर सरकार द्वारा जमीन का बैनामा कराया गया था। इसी को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही कैराना पहुंचकर भूमि का शिलान्यास करेंगे। हालांकि उनके संभावित दौरे को लेकर अधिकारी भी काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं। उधर थाने एवं कचहरी से लेकर अन्य विभागों में भी तैयारियां की जा रही हैं। इस मौके पर एसडीएम उद्धव त्रिपाठी, सीओ कैराना जितेंद्र कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह राणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## मजदूर महिला को फैक्ट्री संचालक ने बदनियति के चलते दबोचा

कांधला, १३ सितम्बर (बु.)। कांधला कस्बे में कारपेट फैक्ट्री में मजदूरी करने गई महिला को फैक्ट्री संचालक ने बदनियति के चलते दबोच लिया और जब महिला ने इसका विरोध किया, तो फैक्ट्री संचालक ने महिला को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्यवाही की मांग की है। पूरा मामला कांधला कस्बे का है, जहां पर कारपेट फैक्ट्री में मजदूरी करने गई महिला को फैक्ट्री संचालक ने बदनियति के चलते उसे जबरदस्ती कमरे के अंदर खींचने का प्रयास किया। पीड़ित महिला द्वारा बताया जा रहा है कि जब विरोध किया, तो फैक्ट्री संचालक ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया, जिसके बाद पीड़ित महिला ने फैक्ट्री संचालक को अपने दांतों से काटकर घायल किया और वहां से भाग कर अपनी जान बचाई और पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर बदसलूकी करने वाले आरोपी फैक्ट्री संचालक के विरूद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसके बाद पुलिस ने घायल महिला को कांधला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है और महिला की तहरीर के आधार पर इस पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## घुमंतु जाति के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

शामली, १३ सितम्बर (बु.)। सोमवार को शहर के मौहल्ला दयानंदनगर स्थित नाला पटरी पर रहने वाले घियार बिरादरी के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र सौंपा, जिसमें उन्होने बताया कि वह पिछले २५ वर्षो से लगातार मौहल्ला दयानंदनगर में रह रहे हैं, जो मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं, जिसके लिए वह रस्सी, गाय, भैस के गले की घंटी व फोल्डिंग आदि बुनने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले २५ वर्षो से उन्होंने कोई अपराध नहीं किया। बच्चे स्कूल पढ़ने जाते हैं। आधार कार्ड व राशन कार्ड भी बने हुए हैं। शहर कोतवाली पुलिस द्वारा झोपड़ी तोड़ी गई और मारपीट कर वहां से भगा दिया गया, जिस कारण वह सड़कों पर धक्के खा रहे हैं। पीड़ितों ने मामले में जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

# एसडीएम बुढ़ाना ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

बुढ़ाना, १३ सितम्बर (बु.)। जनपद मुजफ्फरनगर के जिला अधिकारी चंद्र भूषण सिंह के निर्देश पर आज सोमवार के दिन बुढ़ाना उप जिला अधिकारी अजय कुमार अम्बष्ट ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। यहां पर उपजिलाधिकारी को छोटी मोटी खामियां मिलीं, तो उन्होंने यहां पर उपस्थित वार्डन को विद्यालय में इन छोटी–मोटी खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना उपजिलाधिकारी अजय कुमार अम्बष्ट ने आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में पहुंचने के बाद उन्होंने छात्राओं की कक्षाओं में जाकर उनसे प्रश्नोत्तर किए और उनको मास्क लगाने के विषय में कहा। उसके बाद साफ–सफाई की व्यवस्था को भी देखा। उन्होंने छात्रावास में जाकर छात्राओं के सोने व साफ सफाई की व्यवस्था देखी और रसोई घर में जाकर साफ सफाई देखी। विद्यालय में साफ–सफाई ठीक मिली। स्कूल की अध्यापिका द्वारा विद्यालय में कुछ खामियां जैसे छत से पानी टपकना, बरसात के समय में इनवर्टर का खराब होना और रात के समय सोलर लाइट का ना जलना आदि के विषय में बताया। बुढ़ाना उपजिलाधिकारी अजय कुमार अम्बष्ट ने इन सभी कमियों को जल्दी ही दूर करने के निर्देश दिए। यहां पर अध्यापिकाओं ने नए बच्चों के लिए वाटर कूलर व गर्मी के मौसम में कूलर की व्यवस्था कराने की मांग की, जिस पर उपजिलाधिकारी ने अध्यापिकाओं को आश्वस्त किया और कहा कि वाटर कूलर और कूलर की व्यवस्था करवा दी जाएगी। इस दौरान विद्यालय में अध्यापिका मोनिका, सविता स्वामी, पूनम शर्मा, प्रियंका रानी, निया शर्मा और फरजाना खातून इत्यादि स्टाफ उपस्थित रहा।

# झूठे बलात्कार के मुकदमों में जेल भिजवाने की धमकी

शामली, १३ सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला पंसारियान निवासी दर्जनों महिला तथा पुरूषों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर मौहल्ले की ही एक महिला पर अवैध धंधे करने का आरोप लगाते हुए मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उन्होंने महिला पर पुलिस को शिकायत करने पर पुलिस से सांठगांठ कर झूठे बलात्कार के मुकदमों में जेल भिजवाये जाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। सोमवार को शहर के मौहल्ला पंसारियान निवासी दर्जनों महिला तथा पुरूषों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा कि मौहल्ले में ही कुछ महिलाएं व पुरूष अवैध धंधे चला रहे हैं, जो चरम सीमा पर है। मौहल्ले में आये दिन गलत किस्म के लोग आते जाते रहते हैं, जिस कारण मौहल्लें के बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है, जिसके संबंध में उक्त महिलाओं को कई बार मौहल्लेवासियों द्वारा समझाने बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नहीं मानी और उल्टा मौहल्लेवासियों को बलात्कार जैसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देती है। बाहरी व्यक्तियों द्वारा भी मौहल्ले के लोगों को जान से मारने की धमकियां दी जाती है। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि महिला द्वारा पुलिस से सांठगांठ कर पहले भी कई बार मौहल्ले के लोगों को परेशान कराया गया, जिससे मौहल्लेवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने मामले में जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है। इस अवसर पर खलील, मुस्तकीम, वसीम, अकरम, युनुस, शादाब, सुशील, गुलशेर, इंतजार, खुर्शीद, यामीन, शमशेर, इस्लाम, मोहसिन, नरेश, प्रवीण, विजय आदि आदि मौजूद रहे।




## बैंक कनैक्टिविटी फेल होने से नहीं हो रहा लेन देन, उपभोक्ता परेशान

कांधला, १३ सितम्बर (बु.)। कस्बे के यूनियन व यूको बैंक में आए दिन कनैक्टिविटी न होने के कारण उपभोक्ता परेशानी से जूझ रहे हैं। मामले को लेकर आक्रोशित उपभोक्ताओं ने हंगामा प्रदर्शन करते हुए समस्या के समाधान की मांग की है। नगर में तीन दिन की छुट्टी के बाद स्थानीय बैंक शाखाओं को खोला गया। अपने निजि कार्य और व्यापार में लेन देन करने के लिये भारी भरकम भीड़ बैंक पर जमा हो गई, लेकिन कस्बे के रेलवे रोड स्थित यूनियन बैंक में कैनेक्टिविटी न होने के कारण लेन देन का कार्य पूरी तरह से ठप रहा, जिसके चलते उपभोक्ता पूरी तरह से मायूस नजर आए। उपभोक्ता अजय, सोनू, प्रविन्द्र, रवीश, दिनेश, श्याम सिंह, राहुल, रिशिपाल आदि का कहना है कि बैंक में कनेक्टिविटी रोज की समस्या बन गई है। बैंककर्मी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। बैंक में कनैक्टिविटी होने की समस्या पिछले ८ दिन से सामने आ रही है। व्यापारियों को अपना रोजमर्रा के लेन–देन में समस्या उत्पन्न हो रही है, लेकिन इस मामले में बार–बार शिकायत के बाद भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। बैंक खुलने के बाद एक बार फिर से कनेक्टिविटी फैल होने कारण लेनदेन से मना किया गया, तो उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोषित उपभोक्ताओं ने हंगामा प्रदर्शन करते हुए इस समस्या के समाधान की संबंधित अधिकारियों से मांग की है।

## तीर्थयात्री बस से मथुरा, वृंदावन के लिए रवाना

शामली, १३ सितम्बर (बु.)। माता शाकुंभरी सेवा समिति द्वारा एक बस तीर्थ यात्रा मथुरा व वृंदावन के लिए रवाना हुई, जिसको समाजसेवी मानस संगल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गत रविवार देर रात्रि शहर के मौहल्ला रेलपार से माता शाकुंभरी देवी सेवा समिति द्वारा एक बस तीर्थ यात्रा मथुरा व वृंदावन के दर्शकों को रवाना हुई। बस को समाजसेवी मानस संगल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा आयोजक अकाश गोयल ने बताया कि बस मथुरा, वृंदावन, गोकुल, बरसाना, कोसीकला के दर्शन कर वापस लौटेगी।

## भैसाना एवं खिज्जरपुर में सिक्योरिटी प्लान का अनुमोदन किया

मुजफ्फरनगर, १३ सितम्बर (सूवि)। ग्राम पंचायत भैसाना एवं खिज्जरपुर में अटल भूजल योजना के अन्तर्गत वॉटर सिक्योरिटी प्लान का अनुमोदन एवं जन जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आईईसी एक्सपर्ट पृथ्वीराज सिंह द्वारा ग्राम सभा के समक्ष ग्राम पंचायत का वॉटर सिक्योरिटी प्लान का अनुमोदन किया गया, जिसमे ग्राम प्रधान एवं जल समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे तथा आईईसी एक्सपर्ट द्वारा ग्रामवासियों को गिरते भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए ग्रामवासियों को ग्राम का वॉटर सिक्योरिटी प्लान की विस्तृत जानकारी दी एवं ग्राम में जल के दोहन को रोकने के लिए सुझाव भी दिये। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान भैसाना एवं ग्राम प्रधान खिज्जरपुर, डीईओ आकाश, पवन, बाला देवी, पिंकी देवी, तेजपाल, सोमपाल, आमोद, धर्मेन्द्र, अनवरी आदि उपस्थित रहे।





# श्रीराम गर्ल्स कॉलेज के परीक्षाफल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया

मुजफ्फरनगर, १३ सितम्बर (बुस.)। श्रीराम गर्ल्स कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग के एमएससी (होम साइंस) के प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने श्रीराम गर्ल्स कॉलेज के परीक्षाफल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। एमएससी (होम साइंस) फूड एण्ड न्यूट्रेशियन के प्रथम सेमेस्टर में इंशा कुरैशी ने ८४.०२ प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। वर्षा ने ८३.०४ प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और शिवानी तोरिया ने ८३.०२ प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमएससी (होम साइंस) क्लोथिंग एंड टेक्सटाइल के प्रथम सेमेस्टर में अंजली ने ७७.०८ प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। नगमा ने ७६.०८ प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और स्वार्थी ने ७५.०४ प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमएससी (होम साइंस) होम मैनेजमेन्ट के प्रथम सेमेस्टर में मुस्कुराना ने ८२.०४ प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। सलोनी ने ७८ प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और श्रुति गर्ग ने ७३.०४ प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमएससी (होम साइंस) फूड एण्ड़ न्यूट्रेशियन के तृतीय सेमेस्टर में आरजू सैनी ने ८५.०६ प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। निकिता बालियान ने ८४.०८ प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और सुरभि ने ८१ प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमएससी (होम साइंस) क्लोथिंग एण्ड़ टेक्सटाइल के तृतीय सेमेस्टर में रजनी सैनी ने ८१.०८ प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। सोनिका रानी ने ७७.०४ प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और शिवानी सिंह ने ७६.०६ प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमएससी (होम साइंस) होम मेनेजमेन्ट के तृतीय सेमेस्टर में दरक्षा ने ७७.०२ प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। स्वाती शर्मा ने ७५.४ प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और अंशु पाल ने ७३.०८ प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षकों और अपने परिजनों को दिया। एमएससी गृह विज्ञान (होम मेनेजमेन्ट) की प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने बताया कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी पूर्ण लगन और महनत से की थी, महाविद्यालय में तमाम शैक्षिक सुविधाओं द्वारा शिक्षको के मार्गदर्शन से ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त हुई। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज् के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि निरन्तर कठिन परिश्रम से सफलता सम्भव हो पाती है। अतः युवाओं को निरंतर सफलता प्राप्ती के प्रयास करते रहना चाहिए। श्रीराम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डॉ. श्वेता राठी ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा छात्राओं की सफलता में महती भूमिका की सरहाना की। श्रीराम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डॉ. श्वेता राठी ने छात्राओं की सफलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि कॉलेज का अनुशासनात्मक तथा कलात्मक वातावरण छात्राओं के सर्वागीण विकास के लिए आवश्यक होता है। इस अवसर पर श्रीराम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डॉ. श्वेता राठी, प्रवक्ता रानी मैनवाल, रूबी पोसवाल, वर्षा पंवार, ईशा अरोरा, अलीना, और सोफिया ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

## आपका आज का राशिफल

**मंगलवार, 14 सितम्बर, 2021**

**मेष**-भाग्योन्नति का मार्ग प्रशस्त, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, नवसमाचार की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन से मधुरता, सुख के जरूरी साधन सुलभ, यात्रा सकुशल।

**वृषभ**-पारिवारिक सम्बन्धों में वैमनस्यता, आपसी तनाव, अकल्पित घटनाएँ घटित, पारिवारिक अनावश्यक खर्च, भौतिक सुख में न्यूनता, एकाग्रता का अभाव।

**मिथुन**-स्वास्थ्य में क्रमिक सुधार, किसी के माध्यम से धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, उपहार या सम्मान का लाभ, सुसंदेश की प्राप्ति, वैवाहिक अड़चनें समाप्त।

**कर्क**-दिन बेहतर, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, वैमनस्यता का समापन, परिवार में सुख शांति का वातावरण।

**सिंह**-आर्थिक समस्या का निवारण, नवयोजना का श्रीगणेश, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, उपहार या सम्मान का लाभ, मान–सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क उपयोगी।

**कन्या**-दिनचर्या अव्यवस्थित, मित्रों से गलतफहमी, बात–बात पर क्रोध, विरोधियों का वर्चस्व, किसी से विश्वासघात की आशंका, आरोप–प्रत्यारोप की स्थिति।

**तुला**-विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, अध्यावसाय की ओर रुचि, विवाद का निर्णय पक्ष में, सद्विचारों का उदय।

**वृश्चिक**-ग्रहस्थिति अनुकूल, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, यात्रा सकुशल।

**धनु**-अधूरे कार्यों की पूर्ति, आत्मीयजनों से विचार–विमर्श, आय के स्त्रोत उपस्थित, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता, आहार–विहार में नवीनता, आकस्मिक यात्रा सफल।

**मकर**-इच्छित योजना अधूरी, आर्थिक पक्ष से असंतोष, प्रेम सम्बन्धों में प्रतिकूलता की स्थिति, राजकीय पक्ष से कष्ट, किसी से विश्वासघात की आशंका, दुर्घटना भी।

**कुम्भ**-भाग्योन्नति हेतु नवीन आयाम, किसी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, धार्मिक क्रिया कलापों में वृद्धि, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, राजनीतिक गतिविधियों में रुचि।

**मीन**-बुद्धि–चातुर्य से लिया गया निर्णय लाभप्रद, सुसमाचार की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण हर्षोल्लासमय, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दूसरों की सलाह से कामयाब।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस–२/१–७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी–२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२

## बुढ़ाना में भी चलाया गया मिशन शक्ति जागरूकता अभियान

बुढ़ाना, १३ सितम्बर (बु.)। मिशन शक्ति अभियान फेज–३ के अन्तर्गत बुढ़ाना पुलिस द्वारा बुढ़ाना कस्बे में आज सोमवार के दिन महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया और साथ ही महिलाओं और छात्राओं को घरेलू हिंसा, बाल अपराध, यौन उत्पीड़न और सेफ–अनसेफ टच आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। शासन प्रशासन द्वारा महिला उत्थान के लिए चलायी जा रही विभिन्न नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही हेल्प लाईन १०९० (वूमेन पावर लाइन), १८१ (महिला हेल्प लाइन), १०८ (एम्बुलेंस), १०७६ (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), ११२ (पुलिस आपातकालीन सेवा), १०९८ (चाइल्ड हेल्पलाइन) और १०२ (स्वास्थय सेवा) की उपयोगिता के सम्बन्ध में भी विस्तार से जानकारी दी गई और साथ ही सुरक्षा सम्बन्धी सुझावों का भी आदान–प्रदान करते हुए थाने पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में भी जानकारी देकर जागरुक किया गया। इस दौरान बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज विजयपाल सिंह काजला सहित अन्य महिला पुलिसकर्मी भी उपस्थित रही।




## राधा अष्टमी पर होगी विचार गोष्ठी

मुजफ्फरनगर, १३ सितम्बर (बुस.)। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज श्री की प्रेरणा से आगामी १४ सितंबर विश्व हिंदी दिवस एवं श्रीराधा अष्टमी के उपलक्ष्य में जीओ गीता श्री कृष्ण कृपा परिवार व जीओ गीता युवा चेतना मुजफ्फरनगर द्वारा बी.एस.एम.डिग्री कॉलेज मे विचार गोष्ठी सुबह १० बजे ११ बजे तक, उसके पश्चात १४ से १६ तक अनेक गाँवों मे साक्षरता अभियान का कार्यक्रम चलाया जायेगा, जिसमें छात्र जाकर उन व्यक्ति को नाम लिखना सिखायँगे, जो व्यक्ति अंगूठा लगाता हैं। पंचायती शिव मंदिर रेलवे स्टेशन के सामने गली मुजफ्फरनगर में राधा अष्टमी के उपलक्ष्य मे गीता जी का पाठ, संकीर्तन व प्रसाद वितरण का आयोजन १४–०६–२०२१ मंगलवार को सायं काल ५ बजे से ६ बजे तक होगा। अधिक से अधिक संख्या मे आकर राधा रानी की कृपा प्राप्त करें।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
उप–सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
☎ (आ.)–98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन–9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



शाहपुर में जाहरवीर की माढी पर छड़ी पूजन कर निशान स्थापित करते चेयरमैन प्रमेश सैनी एवं समाजसेवी उमेश मित्तल।



# शाहपुर में जाहरवीर गोगाजी के माढ़ी पर निशान स्थापित

## –चेयरमैन परमेश सैनी एवं समाजसेवी उमेश मित्तल ने कराया पूजन –आगामी १७ एवं १८ सितंबर से चढ़ाये जाएंगे निशान

शाहपुर, १३ सितम्बर (बु.)। नगर में जाहरवीर गोगा जी की माढ़ी पर सोमवार को विधिवत पूजा–अर्चना के बाद निशान स्थापित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी एवं प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल ने संयुक्त रुप से पूजन की प्रक्रिया को संपन्न कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। जाहरवीर गोगा जी के बारे में विभिन्न कथाएं प्रचलित हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग में गोगाजी के प्रति अगाध आस्था है। बताया जाता है कि जाहरवीर गोगा जी का जन्म गुरु गोरखनाथ जी के वरदान से हुआ था। उन्हें लोक देवता, सांपों के देवता नागराज, गोगापीर, गौरक्षक देवता जाहरवीर आदि नामों से जाना जाता है। मुगल शासक एवं आक्रांता महमूद गजनवी से गौवंश की रक्षा करते समय वीरगति को प्राप्त होने वाले गोगा जी का जन्म राजस्थान के चूरु जिले में भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को ११वीं सदी में हुआ था। उनकी माता का नाम बाछल देवी, पिता का नाम जेवर, पत्नी का नाम केलम एवं पुत्र का नाम केसरियाजी था। गुरु गोरखनाथ के वह परम शिष्य थे। उनकी घोडी को नीली घोड़ी के नाम से पुकारा जाता है। ऐसी मान्यता है कि किसान हल जोतने से पहले गोगा राखड़ी हल एवं बैल को बांधते थे, जिसमें ९ गांठ होती थी, महमूद गजनबी से गायों की रक्षा करते हुए प्राण न्यौछावर करने वाले गोगापीर का थान राजस्थान में खेजड़ी के नीचे गोगाजी का सिर दरदेवा में गिरा था, जिसे शिरष मडी व सिद्धमेडी कहते हैं। धड़ जिस स्थान पर गिरा, उसे गोगामेडी नोहर कहा जाता है, जो हनुमानगढ़ी धुरमेडी में स्थित है। सोमवार को नगर के मोहल्ला सैनियान स्थित जाहरवीर गोगाजी की माढ़ी पर प्रत्येक वर्ष की भांति निशान स्थापित किए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी एवं प्रमुख समाज सेवी चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार उमेश मित्तल ने संयुक्त रूप से छड़ी पूजन कर माढ़ी पर छड़ी की स्थापना कराई। इस अवसर पर विशेष पूजा–अर्चना की गई। विशेष रुप से रविंदर सैनी, अजेश सैनी, नाथीराम सैनी, सुंदर गिरी, रामकुमार आदि उपस्थित रहे। इस बार कोविड–१९ प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कार्यक्रम को सूक्ष्म रूप दिया गया है। आगामी १७ एवं अट्ठारह सितंबर को माढ़ी पर निशान चढ़ाकर हजारों श्रद्धालुगण अपने परिवार एवं संतान की खुशहाली की कामना करेंगे। फिलहाल घरों में जाहरवीर के नाम की कंदूरी कर प्रसाद वितरण का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। वहीं बागड़ जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा हो गया है।

# संदीप दास एड. को जिलाध्यक्ष एवं विजय वर्मा को महामंत्री पद की जिम्मेदारी

मुजफ्फरनगर, १३ सितम्बर (बुस.)। संदीप दास एड. को जिलाध्यक्ष एवं विजय वर्मा को महामंत्री पद की जिम्मेदारी भारतीय तिब्बत सहयोग मंच में दी गई। मेरठ शहर की धरा पर भारत–तिब्बत सहयोग मंच द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल, वीरेंद्र अग्रवाल राष्ट्रीय कार्यालय प्रमुख एवं प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश, संदीप चौधरी अध्यक्ष मेरठ प्रांत, कपिल त्यागी महामंत्री मेरठ प्रांत, नीरज करन सिंह राष्ट्रीय टोली प्रचार, का रेणुका शर्मा प्रांत मंत्री एवं योगेश्वर दत्त शर्मा आदि की उपस्थिति में संदीप दास एडवोकेट को मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष, विजय वर्मा एवम विष्णु स्वरुप अग्रवाल को मुजफ्फरनगर जिला महामंत्री नियुक्त करने की घोषणा की गई। भारत तिब्बत सहयोग मंच की स्थापना ५ मई १९९९ को हिमाचल प्रदेश धर्मशाला में रज्जू भईया, सुदर्शन, तिब्बत धर्मगुरु दलाई लामा का आशीर्वाद लेकर इंद्रेश के सानिध्य में की गई। इसका मुख्य उद्देश्य तिब्बत देश को धूर्त चीन की जालसाजी एवं षड़यंत्र से बचाकर आजाद कराने का है, जिससे कि भारत तिब्बत बॉर्डर को और अधिक सुरक्षित किया जा सके और हमारे आराध्य भगवान श्री भोले शंकर का निवास स्थान कैलाश मानसरोवर पर्वत पर है, जोकि धूर्त चीन के कब्जे में हैं, जिसको धूर्त चीन के कब्जे से छुड़ाकर करोड़ों हिंदुस्तानी श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखकर कैलाश मानसरोवर मानसरोवर पर्वत को मुक्ति दिलाना है। धूर्त चीन हमेशा से ही विस्तारवादी नीति का पालन करते हुए पड़ोसी देशों को ऋण दे रहा है और फिर उस ऋण के बदले वह वहां के देश से जमीन खरीदता है या जमीन का पट्टा करता है, जिससे कि वह अपनी विस्तारवादी नीति को अंजाम दे सके, इसलिए भारत तिब्बत सहयोग मंच ने यह निर्णय लिया है कि विस्तारवादी नीति को तोड़ने के लिए धूर्त चीन को आर्थिक रूप से तोड़ना आवश्यक है, जिसके लिए जगह–जगह मीटिंग कर, जन–जन में जाकर चीनी सामान का बहिष्कार करने की योजना तैयार की गई और सभी जिलों की अध्यक्ष व महामंत्रियों को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र में धूर्त चीन के बने हुए सामानों को जलाकर, तोड़कर, उनका बहिष्कार करने के आंदोलन को और तेज किया जाए और ज्यादा से ज्यादा भारत के बने हुए उत्पाद का इस्तेमाल करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। इस प्रशिक्षण शिविर में का मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, हापुड़, बुलंदशहर आदि जिलों से लोग आए थे उपस्थित थे।

1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

# आदित्यनाथ और अखिलेश

अखिलेश यादव लगभग रोज ही योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ ट्वीट करते रहते हैं, अब एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव पर टिप्पणी की है, सियासी गलियारों में कहा जा रहा है कि योगी की यह चोट सौ सुनार की एक लुहार की साबित हो रही है। कुछ लोगों ने आदित्यनाथ की टिप्पणियों की आलोचना भी की है। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा और बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि २०१७ के पहले भी राशन मिलता था, लेकिन तब 'अब्बाजान' कहने वाले राशन खा जाते थे। योगी आदित्यनाथ संतकबीरनगर और कुशीनगर में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तुष्टीकरण की राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। देश के राजनीतिक एजेंडे को उन्होंने बदला है। उन्होंने कहा कि पहले देश की राजनीति वंशवाद और परिवारवाद तक सीमित थी। प्रधानमंत्री मोदी ने उसको गांव और गरीब के लिए किया है। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए बिना भेदभाव के काम किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक तुष्टीकरण की राजनीति थी, तब तक विकास नहीं था। योगी ने नाम लिए बगैर कांग्रेस को आतंकवाद की जननी और समाजवादी पार्टी को बिच्छू करार दिया। योगी ने सपा के साथ बसपा को घेरा और कहा कि इनकी सरकारों ने बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित न करते हुए लोगों को 'अंधेरे में रखा'। अपने संबोधन के दौरान योगी आदित्यनाथ अखिलेश यादव पर हमलावर दिखे। उन्होंने मंच से लोगों से सवाल पूछा कि आप लोगों को राशन मिल रहा है न? जिसके बाद उन्होंने कहा कि क्या यह राशन २०१४ के पहले भी मिलता था? नहीं मिलता था, क्योंकि तब तो 'अब्बाजान' कहने वाले राशन हजम कर जाते थे। कुशीनगर का राशन नेपाल और बांग्लादेश जाता था। आज गरीबों का राशन निगलने वाले जेल जाएंगे। गरीब का अन्न सपा और बसपा के लोग खा जाते थे। नौकरी के नाम पर वसूली होती रही। योग्य चयनित नहीं हो पाते थे। योगी ने इंसेफेलाइटिस का जिक्र करते हुए कहा कि १९७७ से २०१७ तक यह बीमारी हर साल ७०० से एक हजार बच्चों की जान ले लेती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान और शुद्ध पेयजल की योजना लागू कर इस जानलेवा बीमारी को समाप्त कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतकबीरनगर में जिला कारागार समेत २४५ करोड़ की १२२ परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने स्नातक, परास्नातक, इंजीनियरिंग, फार्मेसी, एएनएम व जेएनएम करने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट उपलब्ध कराने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को यात्रा भत्ता देने का एलान किया। कहा कि प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना होनी है। संतकबीरनगर में भी जल्द ही पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज संचालित होगा। सीएम ने अपनी सरकारी की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही पूर्व की सरकार पर हमला बोला। योगी आदित्यनाथ के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। ट्विटर पर अब्बा जान भी ट्रेंड होता दिखाई दिया। विपक्ष ने योगी के भाषण की आलोचना की है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी इस वीडियो पर लिखा कि बौखलाहट अपनी जगह है, आप भारत के लोकतंत्र में एक चुने हुए मुख्यमंत्री हैं योगी जी, कुछ नहीं तो अपने पद की गरिमा रखिए। एक ट्विटर यूजर कमेंट करती हैं कि सर, आप इतना सारा विकास, ट्रांसफॉरमेशन, नौकरी, इन्वेस्टमेंट और मंदिर आदि लाए हैं। उसी के नाम पर वोट क्यों नहीं मांगते? एक ट्विटर हैंडल से लिखा गया कि डियर योगी, आपके वक्तव्य यह दिखाते हैं कि आप अल्पसंख्यक कम्युनिटी से कितनी नफरत करते हैं। उधर अखिलेश यादव ने कहा कि वर्ष २०२२ में लोकतंत्र को बचाने के लिए समाजवादी कार्यकर्ताओं की अग्निपरीक्षा का समय है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर अपना राजनीतिक एजेण्डा पूरा करना चाहती है। इस बार बूथ पर भाजपा की बुरी नजर लगी है। इसलिए युवा शक्ति एवं जाग्रत जनता उत्तर प्रदेश में अब हर बूथ पर जन जागरण करते हुए समाजवादी पार्टी के सिद्धांतों और काम के आधार पर 'जन–मन विजय अभियान' की सफलता सुनिश्चित करके लोकतांत्रिक क्रांति के लिए प्रतिबद्ध है। अखिलेश ने एक बयान में कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा ने फिर से अपना असली रूप दिखाना शुरू कर दिया है। भाजपा के अलोकतांत्रिक इरादों से पूरी तरह सतर्क भी रहना होगा। समाजवादी पार्टी इस संबंध में पुख्ता रणनीति बना रही है, ताकि भाजपा जनता को धोखा न दे सके। भाजपा के झूठे प्रचार में विज्ञापनों की स्थिति इतनी डरावनी है कि समाजवादी सरकार के विकास के कामों को तो भाजपा अपने कामों में गिनाती रही है। जहां भी अच्छा काम हुआ, तो भाजपा को उसे अपना बताने में कोई संकोच नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में पराजय से आशंकित सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने 'साजिशी रणनीति' बनाने के लिये हाल में चित्रकूट समेत कई जिलों में बैठकें की थी। अखिलेश ने एक बयान में कहा कि जनता के सत्तारुढ़ भाजपा सरकार के प्रति गहराते असंतोष से पार्टी शीर्ष नेतृत्व भलीभांति परिचित हो गया है। आगामी विधानसभा चुनाव में उसके हाथ से सत्ता फिसलता देख हताश–निराश भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की एक माह में चित्रकूट, वृंदावन और लखनऊ में बैठकें हुई हैं। इन बैठकों का एजेण्डा साजिशी रणनीति बनाना है, ताकि किसानों और करोड़ों बेरोजगार नौजवानों से किए गए वादों को किसी तरह भुलाया जा सके और लोगों को बहकाने के लिए नये–नये तरीके ढूंढे जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास अपनी उपलब्धि के नाम पर गिनाने के लिए कुछ भी नहीं है और भाजपा का मातृ संगठन यानी संघ इन हालात से चिंतित है और लगातार चिंतन–मनन में जुटा है। अब राजनैतिक आरोप प्रत्यारोप आरम्भ हो गए हैं। आगे इनमें और तेजी आएगी।

### चार तीर

–सुनील 'उत्सव'

**हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं**

आज है चौदह सितम्बर और हिन्दी का दिवस,
चन्द घण्टों के लिए हिन्दी का चचाज़् हो गया।
फ़ेसबुक पर वाट्सप पर हिन्दी प्रेमी संघ ने,
'हैप्पी हिन्दी डे' लिखा और काम पूरा हो गया।

# 17,419 लोगों को लगा जिले में कोरोना का टीका

## –नहीं मिला कोरोना पॉजिटिव, एक्टिव केस केवल एक

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। जनपद में कोरोना की चैन को तोड़ने की दिशा में शुरू टीकाकरण अभियान के बीच कुल 17,419 लोगों को कोरोना का टीकाकरण किया गया। अब मंगलवार को जनपद में कुल 76 स्थानों पर कोविड टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि जनपद में सोमवार को जारी किए कोरोना वैक्सीनेशन के अभियान के बीच 17,419 लोगों का कोरोना टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि हालांकि जनपद में सोमवार को कोई नया संक्रमित नहीं मिलने से स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली। उन्होंने बताया कि जनपद में इस बीच आरटीपीसीआर के तहत कुल 676 लोगों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिनमें तमाम लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आने से स्वास्थ्य विभाग को राहत मिली। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान में एक एक्टिव केस बीते दिवस मिला था। वहीं जनपद में जिला प्रशासन की ओर से जारी कोरोना टीकाकरण अभियान के दौरान 11,856 लोगों को प्रथम डोज तथा 5563 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। उन्होंने बताया कि जनपद में मंगलवार को 77 स्थानों पर अपना कोविड टीकाकरण करा सकते हैं।

## आरबीआई ने ग्राहकों को किया सचेत, न करें ओटीपी और पिन नंबर साझा

मुंबई, 13 सितंबर (वार्ता)। रिजर्व बैंक ने 'अपने ग्राहकों का जानो के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले जालसाजों से सचेत रहने की हिदायत देते हुए कहा कि उपभोक्ता फोन कॉल पर किसी से भी अपना खाता संख्या, एटीएम पिन नंबर और ओटीपी साझा न करें। रिजर्व बैंक ने सोमवार को कहा कि आए दिन ग्राहकों से बैंक खातों का केवाईसी अपडेट कराने के नाम धोखाधड़ी किये जाने की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। जालसाज फोन कॉल, एसएमएस और ईमेल के माध्यम से उपभोक्ताओं को अपना शिकार बनाते हैं। ऐसे लोग फोन करके ग्राहकों से केवाईसी अपडेट करने के नाम पर बैंक खाते का विवरण, एटीएम पिन नंबर, पासवर्ड और ओटीपी के बारे में पूछते हैं, ग्राहक जैसे ही ये जानकारी साझा करते हैं वैसे ही उनके खाते से राशि की निकासी कर ली जाती है।




# सिविल बार सभागार में लगा कोरोना वैक्सीनेशन कैंप

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। जनपद में कोरोना के फिर से संक्रमित मिलने से तमाम लोगों में अनहोनी की आशंका बढ़ने लगी है। ऐसे हालातों में पूर्व में लापरवाह हो चुके लोगों ने जहां फिर से सुरक्षा के प्रति सतर्कता बरतने का मन बनाया है, वहीं जनपद में कोरोना की प्रथम व दूसरी डोज लगाए जाने को लेकर जागरूकता में बढ़ोतरी दिखाई देने लगी है। अभियान की इस कड़ी में कचहरी परिसर स्थित सिविल बार एसोसिएशन के सभागार में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। सोमवार को कोरोना के टीकाकरण अभियान की कड़ी में सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुगंध जैन व महासचिव विजेन्द्र सिंह मलिक के नेतृत्व में कोरोना वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। सिविल बार के अधिवक्ताओं ने इस बीच कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत टीकाकरण कराया। इस दौरान अशोक कुशवाह, योगेन्द्र मित्तल, राज सिंह रावत, सतेंद्र कुमार, रामवीर सिंह, प्रवीण खोकर, आदेश सैनी, राकेश पाल, सुधीर गुप्ता, मुरारी लाल, सोनू कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## २० लीटर कच्ची शराब समेत तीन पकड़े

शामली, १३ सितम्बर (बु.)। कैराना कोतवाली व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गांव किशोरपुर में छापा मारकर तीन शराब तस्करों को पकड़ने में कामयाबी प्राप्त की है, जिनके पास से अवैध २० लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब की बरामदगी व तस्करी में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें कैराना कोतवाली पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए गांव किशोरपुर स्थित शिवकुमार के बाग में छापा मारकर तीन शराब तस्करों को कच्ची शराब बनाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके से २० लीटर व कच्ची अमिश्रित शराब बरामद की गई। पकड़े गए शराब तस्करों ने अपने नाम प्रदीप, आदित्य, देवेन्द्र निवासीगण गांव ऊंचा थाना कैराना बताया है। पुलिस ने पकड़े गए तस्करों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। वहीं शामली कोतवाली पुलिस द्वारा अजय निवासी मौहल्ला नंदूप्रसाद को २०० ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# आकांक्षा ने बढ़ाया सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का गौरव

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर जनपद की बिटिया आकांक्षा गुप्ता ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली आकांक्षा गुप्ता ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरूजनों को दिया है। जनपद का नाम गौरान्वित करने वाली आकांक्षा गुप्ता के पिता प्रदीप गुप्ता जिला बार संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, वहीं माता ममता गुप्ता बैंक अधिवक्ता, भाई तुषार गुप्ता जीएसटी एवं आयकर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। महाराजा अग्रसैन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित अग्रवाल, किसान चिंतक कमल मित्तल, प्रवीण गुप्ता, अक्षित गुप्ता, अमित मित्तल आदि ने बिटिया आकांक्षा गुप्ता के सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिटिया के सुखद भविष्य की कामना की है।

# शाहपुर में 'जांच सही तो इलाज सही' सेमिनार का आयोजन

## - नगर व क्षेत्र के प्रमुख चिकित्सकों ने शिरकत की




शाहपुर, १३ सितम्बर (बु.)। शाहपुर में सिंघल डाइग्नोस्टिक सेन्टर एवं पैथकाइड कलेक्शन सेन्टर के तत्वावधान में सोमवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें नगर व क्षेत्र के दर्जनों चिकित्सकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में आये अतिथियों ने चिकित्सकों का आह्वान किया कि मौजूदा वैश्विक महामारी के दौर में बिना जांच के इलाज नुकसानदेह साबित हो सकता है, इसलिए सही इलाज के लिए सही जांच का होना जरूरी है। इसी क्रम में शाहपुर में एक रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए डॉक्टर गौतम भाटिया (एमडी पैथोलॉजीस्ट) ने आगुन्तक चिकित्सकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में महामारी का दौर है। ऐसे समय में नजला, जुकाम अथवा खांसी जैसे लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। मरीज को दवाई की उपलब्धता तभी सुनिश्चित होनी चाहिए, जबकि सम्बन्धित संक्रमण के बारे में उसके खून आदि की जांच हो, तभी बेहतर इलाज सम्भव है। देहरादून से आये निशान्त जौहरी ने भी चिकित्सकों से आग्रह किया कि अब तक किसी भी बीमारी का सही प्रकार से डाइग्नोस्टिक न किया जाये तब तक कोई भी दवाई न दी जाये, (मगर जीवनरक्षक दवाई इसका अपवाद है), क्योंकि जब तब सही जांच नहीं होगी तो बीमारी के सही लक्षणों का पता नहीं चल पायेगा। जांच के बाद ही बीमारी की दिशा में सही इलाज करना कारगार होता है। इसलिए आज के दौर में सही जांच होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. गुप्ता, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. शाहिद सिद्दीकी, डॉ. गौरव सैनी एमडी, डॉ. परवेज आलम एमडी, डॉ. योगेन्द्र सौरम, डॉ. वीरेन्द्र सिंह बालियान, डॉ. चरण सिंह सैनी, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. उमेश गोयल, डॉ. राजबीर पंवार, डॉ. कुलदीप त्यागी चांदपुर, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. तेजपाल सैनी, डॉ. नईम मलिक, डॉ. सोनू सैनी, डॉ. शिव कुमार आदि उपस्थित रहे। सेमिनार के आयोजक सिंघल डाइग्नोस्टिक सेन्टर एवं पैथकाइड कलेक्शन सैंटर के लैब इंचार्ज कार्तिक सिंघल, फ्लैब्स रितिक सैनी, सुनील सिंघल, ईश्वर दयाल सिंघल, अश्विन सिंघल, आदित्य सिंघल आदि ने आगन्तुक चिकित्सकों का आभार ज्ञापित किया।

# अभद्र व्यवहार व मारपीट की घटना के आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग

खतौली, १३ सितंबर (बु.)। भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य के साथ फल विक्रेता ठेली वाले व समर्थकों द्वारा अभद्र व्यवहार व मारपीट की घटना के आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर भाजपाइयों द्वारा कोतवाली प्रभारी से मांग की। मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस बाजार से खरीदारी करके स्कूटी द्वारा वापस ग्राम लोहड्डा जा रहे भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य मनोज राजपूत के साथ नगर के संवेदनशील क्षेत्र ढ़ाकन चौक पर एक ठेली पर फल बेचने वाले विशेष समुदाय के दुकानदार से रास्ता देने की बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि इस दौरान फल विक्रेता के समर्थन में आये कुछ अन्य ठेली वालों द्वारा जिला पंचायत सदस्य के साथ अभद्रता कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना की सूचना पर नगर के भाजपाइयों सहित हिन्दू संगठनों के लोगों के पहुंचने पर दोनों पक्षों के आमने–सामने आने से साम्प्रदायिक तनाव बन गया था, परन्तु इसी बीच सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के आश्वासन पर दोनों पक्ष के लोगों को शांत कर दिया गया था। घटना के सम्बन्ध में जिला पंचायत सदस्य द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की गयी थी। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा तलाश करने पर आरोपी फरार होने में सफल हो गया था। अति संवेदनशील क्षेत्र ढ़ाकन चौक पर विगत कई दशक से बनी पुलिस चौकी को मात्र दस कदम की दूरी पर दो सम्प्रदाय के लोगों के बीच हुई इस घटना से जहां पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिह्न लग रहा है, वहीं पुलिस चौकी पर एक सब–इन्सपैक्टर सहित पुलिसकर्मियों की तैनाती के पश्चात भी चौकी के सामने खाद्य सामग्री विक्रेता ठेली वालों का सड़कों के बीच में खड़े रहना भी पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली को चिन्हित करता दिखाई पड़ रहा है। उल्लेखनीय है विगत तीन दशक पूर्व अनेक बार साम्प्रदायिक तनाव का केन्द्र बने ढ़ाकन चौक पर तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक स्थाई पुलिस चौकी का निर्माण किया गया तथा पुलिस चौकी पर एक उपनिरीक्षक सहित पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की गयी थी, परन्तु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के पश्चात भी जहां उक्त पुलिस चौकी के मुख्य द्वार पर लटका ताला, पुलिस प्रशासन के क्रियाकलापों की कहानी कहता दिखाई देता है। वहीं पुलिस चौकी के निर्माण के उद्देश्यों का उपहास उड़ाता दिखाई पड़ रहा है। गत दिवस जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता मनोज राजपूत के साथ दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिये जाने से आक्रोषित भाजपाई का एक प्रतिनिधि मण्डल भाजपा नगर अध्यक्ष अमित जैन के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह से मिला। इस दौरान भाजपा नेताओं ने जिला पंचायत सदस्य के साथ घटित घटना पर आक्रोष व्यक्त करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की। कोतवाली प्रभारी द्वारा भाजपा प्रतिनिधि मण्डल को दोषी आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया।

## मैनचेस्टर टेस्ट स्थगित नहीं रद्द हुआ है : गांगुली

कोलकाता, 13 सितम्बर (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि मैनचेस्टर टेस्ट स्थगित नहीं रद्द हुआ है, इसलिए जब भी कभी भारत और इंग्लैंड के बीच एकमात्र टेस्ट खेला जाएगा, तो वह 2021 के टेस्ट सीरीज़ में नहीं जोड़ा जाएगा। हालांकि उन्होंने रवि शास्त्री सहित भारतीय दल के कुछ सदस्यों को रवि शास्त्री के बुक-लॉन्च कार्यक्रम में जाने पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया, जिसे कि भारतीय दल में कोविड फैलने का एक संभावित कारण माना जा रहा है।

# राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजी. संगठन की बैठक संपन्न

## –सांकेतिक आंदोलन की कड़ी में जताई प्रबंधन के प्रति नाराजगी

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियरिंग संगठन की जिला इकाई की संपन्न बैठक में केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा लिए गए पूर्व निर्धारित आन्दोलन के तृतीय चरण के क्रम में 24 घंटे का धरना प्रदर्शन व उपवास कार्यक्रम संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक नगरीय विद्युत वितरण खंड के प्रांगण में संपन्न बैठक की अध्यक्षता इं. बीबी गुप्ता ने की। उक्त बैठक में केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर 16 बिंदुओं पर विचार मंथन किया। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियरिंग संगठन की जिला इकाई की सोमवार को संपन्न हुई बैठक में केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा लिए आन्दोलन के तृतीय चरण के क्रम में पदाधिकारियों द्वारा 24 घंटे का धरना प्रदर्शन व उपवास कार्यक्रम संपन्न कराने पर विचार मंथन किया। नगरीय विद्युत वितरण खंड के प्रांगण में संपन्न बैठक की अध्यक्षता इं. बीबी गुप्ता जिला अध्यक्ष राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजी. संगठन ने की। बैठक में केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर इस बीच प्रबंधन ने आश्वासन देकर आज तक कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर रोष व्यक्त किया। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियरिंग संगठन द्वारा इस बीच 6 सूत्रीय मांग पत्र में अवर अभियंता को एसीपी दीर्घा में आने वाले नॉन फंक्शनल ग्रेड वेतन 4800 के वेतनमान को एसीपी दीर्घा से विलोपित कर प्रथम समयबद्ध वेतनमान ग्रेड 5400 किए जाने की मांग की। वहीं अवर अभियंता का ग्रेड वेतन 4600 को 6वें वेतन की प्रभावी तिथि 1 जनवरी 2006 से लागू किए जाने, व अवर अभियंता से सहायक अभियंता पद पर प्रोन्नत कार्मिकों के तृतीय एसीपी के आदेश की वेतन पर्ची जारी किए जाने की मांग की। इसके साथ राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियरिंग संगठन ने प्रोन्नत सहायक अभियंताओं का वरिष्ठता निर्धारण सेवा नियम के तहत संगठन द्वारा प्रस्तुत किए गए पक्ष को सम्मिलित करते हुए निस्तारण, वर्ष 2000 के बाद में उत्तर प्रदेश ऊर्जा के कार्मिकों पर पुरानी पेंशन बहाली, कर्मियों की भर्ती, प्रोन्नति किए जाने की मांग की। इस दौरान इं. यूसी वर्मा, इं. बीआर शर्मा, इं. राज नारायण यादव, इं. आजाद धीरेन्द्र, इं. राजेश कुमार, इं. इन्द्र मणि, इं. नरेन्द्र आदि जनपद के समस्त अवर अभियंता इस बीच ध्यानाकर्षण आंदोलन की कड़ी में जारी उपवास कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे।

## मोदी राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे

नयी दिल्ली 13 सितम्बर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित भी करेंगे। वह उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के अलीगढ़ नोड तथा राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के मॉडलों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। यह विश्वविद्यालय महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और सामाजिक सुधारक राजा महेन्द्र प्रताप सिंह के सम्मान में स्थापित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की स्थापना अलीगढ़ की कोल तहसील के गांव लोधा और गांव मूसेपुर करीम जरौली में 92 एकड़ से अधिक क्षेत्र पर की जा रही है। अलीगढ़ प्रखंड के 395 कॉलेज इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध होंगे। उत्तर प्रदेश में रक्षा औद्योगिक गलियारे की स्थापना की घोषणा प्रधानमंत्री ने 21 फरवरी, 2018 को लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन करने के दौरान की थी। रक्षा औद्योगिक गलियारे के छह नोड-अलीगढ़, आगरा, कानपुर, चित्रकूट, झांसी और लखनऊ की योजना बनाई गई है। अलीगढ़-नोड के सिलसिले में भूमि आवंटन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और 19 फर्मों को जमीन आवंटित कर दी गई है, जो इसके विकास के लिये 1245 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। उत्तर प्रदेश के रक्षा औद्योगिक गलियारे से देश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे।

# डब्लूएचओ ने भारत में टीकाकरण अभियान की रफ्तार की सराहना की

नयी दिल्ली, 13 सितम्बर (वार्ता)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने भारत में कोविड-19 टीकाकरण अभियान की रफ्तार को अभूतपूर्व बताते हुए देश के 75 करोड़ लोगों का टीकाकरण पूरा होने पर बधाई दी है। डब्लूएचओ की क्षेत्रीय निदेशक-दक्षिण पूर्व एशिया-डॉ पूनम खेत्रपाल सिंह ने सोमवार को एक बयान में कहा कि भारत में पहले 10 करोड़ टीके लगाने में 85 दिन लगे थे लेकिन देश ने 65 करोड़ से 75 करोड़ का लक्ष्य हासिल करने में मात्र 13 दिन लगाए हैं। डॉ सिंह ने कहा, ''डब्लूएचओ कोविड टीकाकरण अभियान को अभूतपूर्व गति देने के लिए भारत को बधाई देता है। पहली 10 करोड़ खुराक लगाने में भारत को जहां 85 दिन लगे थे, वहीं देश ने 65 करोड़ डोज से 75 करोड़ डेज तक पहुंचने में केवल 13 दिन लगाए हैं।'' कोविड की स्थिति को लेकर सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में पिछले 24 घंटों में 27,254 नए मामले सामने आए हैं और इनमें सक्रिय मामले कुल मामलों का 1.13 प्रतिशत है। देश में सक्रिय मामले 3,74,269 हैं और मरीजों के ठीक होने की दर इस समय 97.54 प्रतिशत है। सरकार के अनुसार पिछले 24 घंटों में 37,687 मरीज स्वस्थ हुए हैं, जिससे कुल स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 3,24,47,032 हो गई है। साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर 2.11 प्रतिशत है जो कि पिछले 80 दिनों से तीन प्रतिशत से कम पर बनी हुई है। दैनिक पॉजिटिविटी दर 2.26 प्रतिशत है।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेश्वरी पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह पोखरियाल, निवासी : १०२६–शिक्षक कॉलोनी, निकट पुरूषार्थी स्कूल, जिला – मुजफ्फरनगर (उ.प्र.), मैंने अपना नाम राजेश्वरी पोखरियाल रख लिया है। भविष्य में मुझे राजेश्वरी पोखरियाल के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**राजेश्वरी पोखरियाल पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह पोखरियाल**
निवासी : 1029, शिक्षक कॉलोनी, निकट पुरूषार्थी स्कूल, मुजफ्फरनगर

### आवश्यकता है

**शिक्षिकाओं की आवश्यकता है**

- कक्षा 6 से 8 तक
Math, Science, Computer, SST
- कक्षा 1 से 5 तक
सभी विषयों के लिए
- एक पुरूष कर्मचारी (Peon)



अनुभवी को वरीयता
प्रातः 9 से 12 बजे तक सम्पर्क करें।

PURUSHARTHI PUBLIC SCHOOL
(English Medium)
PURUSHARTHI COLONY
(Behind Stadium)
Muzaffarnagar
Contact No. 9219371997, 8630301266

### अति आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नं0 68, साउथ भोपा रोड, शकुन्तला कुंज, नई मण्डी मुजफ्फरनगर, जिसके पूर्व में तुलसीराम पंडित, पश्चिम में सड़क, उत्तर में मोहन लाल तथा दक्षिण में विष्णु माहेश्वरी है। यह सम्पत्ति मकान विवादित है तथा कोर्ट में मुकदमे चल रहे हैं। यदि इसका लेन–देन हुआ, तो क्रेता–विक्रेता दोनों अपराधी माने जायेंगे, दोनों ही की बराबर जिम्मेदारी होगी।

**अर्चना गोयल पत्नी श्री अरूण मोहन गोयल**
निवासी : 68, साउथ भोपा रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर


### कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर

संख्या : 431/नाजिर सदर (निविदा) दिनांक : 13-09-2021

**"अल्पकालीन निविदा सूचना"**

शासकीय कार्यहित में जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांकित 09-09-2021 के क्रम में कलक्ट्रेट एवं तहसीलों हेतु 12 कम्प्यूटर सैट निम्नलिखित कान्फीग्रेशन के अनुसार क्रय किये जाने हैं :-

| S.No. | Particulars |
|---|---|
| 1 | HP 1000 @ 7200 Desktop Intel Core i3, 6 Core, 8 Gb RAM, 1000 Gb SDD, Windows (Pre loded), 23.8 Inch Disply |
| 2. | Luminous 1 Kva UPS |
| 3. | HP Laser jet 3 in one OR Brothers Multifunctional printer |

उपर्युक्त कान्फीग्रेशन के अनुसार उक्त सामग्री क्रय किये जाने के निमित्त दिनांक 18-09-2021 को दोपहर 12 बजे तक टैण्डर/रेट प्राप्त किये जायेंगे तथा उसी दिन अपराह्न 3 बजे मेरे कार्यालय कक्ष में खोले जायेंगे। टैण्डर के साथ अन्य अपेक्षित अभिलेखों सहित जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर के नाम जमानत के रूप में अंकन 15,000/- का बैंक ड्राफ्ट (डी0डी0) प्रस्तुत करना होगा। तत्सम्बन्धी विस्तृत शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय से की जा सकती है।

अमित सिंह
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मुजफ्फरनगर

# आईएसआई प्रमुख पंजशीर में, तालिबान कैबिनेट गठन में शामिल : ईरानी सांसद

तेहरान, 13 सितंबर (वार्ता)। ईरान के वरिष्ठ सांसद एवं अफगानिस्तान में देश के पूर्व राजदूत फदा हुसैन मालेकी ने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसिस इंटेलिजेंस (आईएसआई) के प्रमुख वर्तमान में पंजशीर प्रांत में हैं और काबुल में तालिबान कैबिनेट के गठन में भी शामिल हैं। तेहरान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक श्री मालेकी ने सुझाव दिया कि ईरान के विदेश मंत्रालय को पाकिस्तान के साथ बातचीत करनी चाहिए और अफगान समस्या के समाधान के लिए रूस, चीन, ईरान और पाकिस्तान के बीच बैठक होनी चाहिए। वह ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के भी सदस्य हैं। श्री मालेकी ने यह भी कहा कि पाकिस्तान आईएसआई प्रमुख पंजशीर में मौजूद हैं और तालिबान कैबिनेट के गठन में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमें पाकिस्तान के हस्तक्षेप करने और अफगानिस्तान में अमेरिकी स्थिति बनाए रखने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान सभी जातीय और धार्मिक समूहों की भागीदारी के साथ अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक शांति, स्थिरता और सिर्फ शांति और अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार का गठन करना चाहता है। श्री मालेकी ने कहा, ''विदेश मंत्री का मानना है कि अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार का गठन किया जाना चाहिए ताकि सभी जातीय समूह सरकार में अपनी भूमिका निभा सकें।'' उल्लेखनीय है कि काबुल में तालिबान ने कब्जे के बाद अफगानिस्तान में अपनी कार्यवाहक सरकार बनायी है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद जाहिर तौर पर तालिबान नेतृत्व से मिलने के लिए पिछले सप्ताह काबुल गए थे। उत्तर पूर्व अफगानिस्तान के पंजशीर में प्रतिरोध बलों ने हालांकि आरोप लगाया कि वह अहमद मसूद के नेतृत्व में प्रतिरोध बलों पर तालिबान की जीत की निगरानी के लिए काबुल में थे।

## विधायक तेजेन्द्र निर्वाल ने किया प्रदर्शनी का लोकार्पण

शामली, १३ सितम्बर (बु.)। प्रदेश सरकार के सफलतापूर्वक ४ वर्ष पूर्ण होने तथा प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं,सरकार द्वारा किए गए कार्यों यथा मुत वैक्सीन, मुफ्त राशन, मुत इलाज, चार लाख युवाओं को नौकरी, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, मिशन रोजगार, ओडीओपी सहित सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास एवं इरादे नेक–काम अनेक विषयक विभिन्न साइजों की प्रदर्शनी कलेक्ट्रेट परिसर शामली में स्थापित की गई है। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित की गई वर्तमान सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन आज मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक तेजेंद्र निर्वाल द्वारा फीता काटकर किया गया। विधायक तेजेंद्र निर्वाल व डीएम जसजीत कौर द्वारा द्वारा योजनाओं से जुड़ी विभिन्न प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। निर्वाल ने कहा कि उक्त प्रदर्शनी के माध्यम से आम जनमानस को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जिनमें सरकार द्वारा रिकॉर्ड तोड़ कार्य कर कीर्तिमान स्थापित किया गया है, आदि की जानकारी प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने आम जनता से आह्वान किया जाता है, योजना के संबंध में जानकारी लेने के लिए प्रदर्शनी को देखें।

# गुरू तेज बहादुर जयंती पर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, १३ सितंबर (बुस.)। स्थानीय जैन इण्टर कॉलेज में गुरू तेग बहादुर की जन्मजयंती वर्ष के अवसर पर उनके जीवन से सम्बन्धित जूनियर तथा सीनियर वर्ग में तीन प्रतियोगिता क्रमशः निबन्ध, भाषण एवं कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि रहे। फतेह चन्द (प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज), राजेश कुमारी (प्रधानाचार्या वैदिक पुत्री इण्टर कॉलेज) तथा पर्यवेक्षक के रूप में विपिन त्यागी (राजकीय इण्टर कॉलेज) अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ज्ञातव्य हो प्रदेश शासन के निर्देश पर प्रत्येक जिले के विद्यालयों में सिक्खों के गुरू गुरू तेग बहादुर के जन्म जयंती वर्ष पर स्कूली प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। आज स्थानीय जैन इण्टर कॉलेज के प्रांगण में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार जैन के नेतृत्व में उपर्युक्त प्रतियोगिताओं का अयोजन किया गया, जिसमें सदर ब्लॉक के माध्यमिक विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जूनियर वर्ग में कक्षा ८, ९, १० तथा सीनियर वर्ग में कक्षा ११, १२ दो वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें निबन्ध प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में उस्मा परवीन प्रथम, शिवम गुप्ता द्वितीय, केशर नामदेव तृतीय, जूनियर वर्ग में वंश गुप्ता प्रथम तथा अनु गोस्वामी द्वितीय तथा डिम्पी चौधरी तृतीय, भाषण में सीनियर वर्ग में तानिया मित्तल प्रथम, अनुशा राणा द्वितीय, अंशिका शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग भाषण में प्रज्ञा सैनी प्रथम, अनु गोस्वामी द्वितीय तथा ख्याति तृतीय स्थान पर रही। कहानी प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में ऋचा आर्या प्रथम, प्रांशी द्वितीय, केशर नामदेव तृतीय तथा जूनियर वर्ग में शिवांगी प्रथम, रविया द्वितीय तथा आफरीन तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सुनील कुमार जैन, विनीत गुप्ता, रामवीर सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, प्रवीण जैन, नवीन जैन, विजय शर्मा प्रथम व द्वितीय, डॉ. वशिष्ठ भारद्वाज आदि अध्यापकों का सहयोग रहा। मंच संचालन हेमंत कुमार बिश्नोई ने किया। इस अवसर पर सुनीता त्यागी, सविता शर्मा, ऋतु चावला व अन्य शिक्षक–शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

## अवर अभियंताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना, प्रदर्शन किया

शामली, १३ सितम्बर (बु.)। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के आहवान पर विद्युत के अवर अभियंताओं द्वारा अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए उपवास रखा। इस दौरान उन्हो समस्याओं का निराकरण न होने पर आन्दोलन करने की चेतावनी दी है। सोमवार को राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के आहवान पर विद्युत विभाग के अवर अभियंताओं द्वारा अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए २४ घंटों का उपवास रखा। इस दौरान जनपद के सचिव सिकंदर सिंह यादव ने कहा कि संबंधी समस्याओं और विभाग की तेजी से बदल रही कार्यप्रणाली के दौरान नित्य प्रति विभागीय कार्यो में आ रही व्यावहारिक कठिनाईयों के निकारण के लिए संगठन द्वारा अनेकों बार अनुराध किया गया, लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्याओं का कोई समाधान न किए जाने से आन्दोलन करने को मजबूर है।

# अवैध सम्बन्ध में बाधक बनी सास की हत्या में पुत्रवधू व उसके प्रेमी को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर, १३ सितंबर (बु.)। अवैध संबंध में बाधक बनी सास की हत्या के मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मृतका की पुत्रवधु सहित उसके प्रेमी को हत्याकांड का दोषी ठहराते हुए दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में चार आरोपितों को बरी कर दिया। ११ नवंबर २०१७ को सायं ५:२५ पर स्कूटी सवार द्वारा एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार त्यागी तथा पैनल लायर मनोज ठाकुर एवं ललित भारद्वाज ने बताया कि इस मामले में आशीष कुमार सिंघल पुत्र ओमसिंह निवासी एटूजेड रोड नई मंडी कोतवाली क्षेत्र ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि उसके घर आए कुछ लोगों ने बताया कि उसकी मां का एक्सीडेंट हो गया। उसने जाकर देखा, तो उसकी मां राधा रानी पत्नी ओम सिंह को गोली लगी थी। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आशीष ने हत्याकांड का आरोप उसकी पत्नी भावना पुत्री मदनलाल तथा रजत पुत्र मदनलाल व मदनलाल पर लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया, लेकिन पुलिस विवेचना में आरोपित रजत तथा उसके पिता मदनलाल के विरुद्ध साक्ष्य नहीं मिला, जबकि मोहित पुत्र अग्रेश, राकेश उर्फ अंजू पत्नी अग्रेश, उत्तम पुत्र चन्द्रवीर निवासी भटोड़ा, अग्रेश पुत्र वेदपाल एवं मनीष पुत्र मनोज के नाम प्रकाश में आए। दो चश्मदीद भी पक्षद्रोही साबित हुए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने भावना तथा मोहित को हत्याकांड का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई, जबकि बाकी चारों आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

# लगातार चौथे दिन घटे कोरोना संक्रमण के नये मामले

नयी दिल्ली, 13 सितंबर ( वार्ता )। देश में कोरोना संक्रमण के नये मामलों में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गयी है और पिछले 24 घंटे में 27,254 मामले सामने आये हैं तथा इस अवधि में मृतकों की संख्या भी अपेक्षाकृत काफी कम दर्ज की गयी है। देश में रविवार को 53 लाख 38 हजार 945 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये और अब तक 74 करोड़ 38 लाख 37 हजार 643 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में 219 लोगों की मौत हुई है, जो गत कई दिनों की तुलना में कम है। मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 4,42,874 हो गया है। इस दौरान 27,254 लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आयी जिससे संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 32 लाख 64 हजार 175 हो गया है। इस दौरान 37,687 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद तीन करोड़ 24 लाख 47 हजार 32 हो गयी है। कोरोना संक्रमण के नये मामलों की तुलना में इस बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक रही जिससे सक्रिय मामलों की दर घटकर 1.13 फीसदी रह गयी है। सक्रिय मामले 10,652 घटकर तीन लाख 74 हजार 269 रह गये हैं। देश में रिकवरी दर बढ़कर 97.54 प्रतिशत हो गयी जबकि मृत्यु दर अभी 1.33 फीसदी है। सक्रिय मामलों के हिसाब से केरल अभी देश में पहले स्थान पर हैं हालांकि पिछले 24 घंटों में यहां सबसे अधिक 9537 सक्रिय मामले कम हुए हैं और इनकी संख्या अब 2,22,815 रह गयी है। वहीं 29,710 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 41,30,065 हो गयी है, जबकि 67 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 22,551 हो गयी है। महाराष्ट्र में सक्रिय मामले घटकर 51,244 रह गये हैं जबकि 46 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 1,38,142 हो गयी है। वहीं कोरोना मुक्त होने वालों के ताजा आंकड़े अभी अद्यतन नहीं किये गये हैं।











# न्यू एस.डी. मार्किट एसोसिएशन में महाआरती एवं अभिनन्दन

## -भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ व पूर्व विधायक अशोक कंसल का स्वागत

मुजफ्फरनगर, १३ सितंबर (बु.)। न्यू एस.डी. कॉलेज मार्किट एसोसिएशन द्वारा सोमवार को मार्किट प्रांगण भगवान शिव की महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय प्रेस काउंसिल के सदस्य अंकुर दुआ व पूर्व विधायक अशोक कंसल ने भगवान भोलेनाथ की आरती की। आरती के उपरांत पूर्व विधायक अशोक कंसल व प्रेस काउंसिल के नामित सदस्य अंकुर दुआ का सम्मान शॉल ओढ़ाकर व फूल मालाएं पहनाकर किया गया। इस अवसर पर मार्किट के नवनियुक्त प्रधान अनिल नामदेव, चेयरमैन योगेश सिंघल (भगत जी), उपचेयरमैन विजय तागरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय मदान, संरक्षक राकेश कंसल द्वारा श्री दुआ को प्रेस काउंसिल में नामित होने पर हार्दिक बधाई दी एवं प्रधान अनिल नामदेव द्वारा कहा गया कि मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा कोरोना काल में समय-समय पर व्यापारी हितों की बातें सरकार तक पहुंचाई गयी। कब बाजार बंद होना है और कब खुलना है, इस बात की आवाज मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा उठाई गयी और सरकार द्वारा उक्त सभी बातों को माना भी गया। पूर्व विधायक अशोक कंसल ने भी कहा कि वास्तव में मुजफ्फरनगर बुलेटिन पिछले ४६ वर्षों से बेबाक पत्रकारिता करने में सबसे आगे रहा है। निडर एवं निर्भीक होकर जो कार्य आमजन के हितों के लिए करने चाहिए, वह वास्तव में बुलेटिन संस्थापक श्री उत्तम चन्द शर्मा व सम्पादक अंकुर दुआ ने की। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक द्वारा न्यू एस.डी. कॉलेज मार्किट में नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी और मार्किट की एसोसिएशन एवं समस्त दुकानदारों को आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के वरिष्ठ पदाधिकारी दिनेश बंसल भी मौजूद रहे। एसोसिएशन द्वारा उनका भी स्वागत किया गया। आरती एवं अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष अनिल नामदेव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय मदान, चेयरमैन योगेश सिंघल (भगत जी), उपचेयरमैन विजय तागरा, संरक्षक अशोक कंसल, सचिव श्याम जसूजा, सहसचिव संजीव गोयल, कोषाध्यक्ष अनुराग गर्ग, ऑडिटर नरेश अरोरा, प्रचार सचिव आकाशदीप, सलाहाकार मनोहर लाल कक्कड़, केवलराम चुग्घ, अनिल गर्ग, सोहनलाल गुलाटी, अजय ग्रोवर, अरविंद जैन, नरेश कुमार, गोपाल छाबड़ा, रोमिन सिंघल, विजय झाम, आशू अरोरा अनिल साड़ी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# डीपीओ पर गिरी गाज, पद से हटाया, नगर मजिस्ट्रेट को चार्ज

## -वन स्टॉप सेंटर प्रभारी की सेवा समाप्त की कार्रवाई -मोटी रकम लेने के साक्ष्य मिलने पर रिपोर्ट दर्ज के संकेत -छपार क्षेत्र की युवती की कोर्ट में शादी कराने के आरोप

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर ( बु. )। छपार थाना क्षेत्र के गांव रेता नंगला की युवती के प्रकरण में हुए गड़बड़झाले में डीएम के निर्देश पर सोमवार को नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह ने कार्रवाई करते हुए वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी नीरू रानी की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। उक्त मामले की जांच डीएम के निर्देश पर तत्कालीन जिला प्रोबेशन अधिकारी से कराई गई है। युवती की शादी उसके प्रेमी संग कराने की जांच में पुष्टि हुई है। वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी ने दोनों की कोर्ट मैरिज कराई है। युवती के परिजनों ने डीएम से की शिकायत में प्रभारी पर इसके एवज में मोटी रकम वसूलने का भी आरोप लगाया है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि यदि युवती के परिवार के लोग इस संबंध में सबूत देते हैं तो नीरू रानी के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। छपार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का एक युवक के साथ काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। इसी बीच प्रेम प्रसंग की भनक उक्त युवती के परिजनों को लग गई। बताया जाता है कि इसके बाद परिवार के लोगों ने युवती का उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। युवती ने ऐसे हालातों में अपनी जान को खतरा बताते हुए हैल्पलाइन नम्बर 1090 पर फोन करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई। महिला सशक्तिकरण के चलते योगी सरकार में युवती के फोन करने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को जिला अस्पताल में बने वन स्टॉप सेंटर पर ले आयी। उधर, मामले की सूचना मिलने पर प्रेमी युवक भी वहां पर पहुंच गया। बताया जाता है कि वन स्टॉप प्रभारी ने युवती को उसके प्रेमी के साथ बालिग होने के चलते भेज दिया। इसके बाद परिवार के लोग वन स्टॉप सेंटर पर पहुंचे तो वहां पर उन्हें उक्त युवती नहीं मिली। जिस पर उन्होंने मौके पर हंगामा कर दिया। हंगामा होने पर सेंटर प्रभारी ने फिर से दबाव के चलते युवती को वापस वन स्टॉप सेंटर बुलवा दिया। युवती ने आने के बाद में परिजनों के सामने बयान दिए हैं कि उन्होंने कोर्ट मैरिज कर ली है, जिसमें वन स्टॉप सेंटर प्रभारी ने उनकी शादी कराई है। परिजनों ने इस मामले की शिकायत बाद में डीएम से की थी। डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी रहे मौ. मुशफेकिन को डीपीओ के चार्ज से हटा दिया। वहीं नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह को अब डीपीओ का चार्ज सौंपा है। उधर, मामले की जांच नगर मजिस्ट्रेट ने तत्कालीन डीपीओ से कराई। जांच में युवती की शादी उसके प्रेमी संग कराने की पुष्टि हुई है। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी ने दोनों की शादी कराई है। नगर मजिस्ट्रेट ने कार्रवाई करते हुए वन स्टॉप प्रभारी नीरू रानी की सेवाऐं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। बता दें, छपार थाना क्षेत्र के ग्राम की युवती ने परिजनों द्वारा लगातार किए जा रहे उत्पीड़न के चलते पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई थी। पुलिस ने युवती को अस्पताल में बने वन स्टाप सेंटर पर भेजा था। वहां सेंटर प्रभारी से युवती ने एक युवक से प्रेम प्रसंग होने की बात कही थी, जिस पर सेंटर प्रभारी ने युवती को उसके प्रेमी को सौंप दिया था। उक्त हंगामे के बाद युवती को बरामद किए जाने के बाद उसने वन स्टाप सेंटर की इंचार्ज पर 50 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है। मामले में सेंटर प्रभारी को तलब किया गया तो उसने स्वयं को निर्दोष बताते हुए नीरू रानी ने युवती बालिग होने पर युवक के साथ जाने की इच्छा जताई थी। पैसे लेने के आरोप निराधार हैं। वह किसी जांच का सामना करने को तैयार है।

### इन्होंने कहा-

नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच तत्कालीन डीपीओ से कराई गई है। जांच में युवती की उसके प्रेमी संग शादी कराने की पुष्टि हुई है, जिसमें सेंटर प्रभारी नीरू रानी ने दोनों की कोर्ट मैरिज कराई है। इस मामले में नीरू रानी की सेवाएँ समाप्त कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि युवती के परिजन इस मामले में नीरू रानी पर मोटी रकम लेने का आरोप लगा रहे हैं। यदि परिवार के लोग इस संबंध में सबूत देते हैं तो फिर अपनी कार्रवाई करते हुए नीरू रानी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।



न्यू एसडी कॉलेज मार्किट में आयोजित महाआरती में बुलेटिन छायाकार नासिर खान को पटका पहनाकर स्वागत करते आयोजक।

# अधेड़ महिला को विशेष सम्प्रदाय के युवक ने दबोचकर अपनी हवस का शिकार बना डाला

मुजफ्फरनगर, १३ सितम्बर (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के एक गांव के जंगल में अधेड़ महिला को विशेष सम्प्रदाय के युवक ने दबोचकर अपनी हवस का शिकार बना डाला। पीड़िता की चींखपुकार पर आये ग्रामीणों ने वहशी को दबोचकर उसकी धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण कराया और कार्यवाही शुरू कर दी। सोमवार को एक गांव निवासी ५५ वर्षीया महिला दूसरे गांव से अपने गांव लौट रही थी। जैसे ही वह गांव के बाहर पहुंची, तो वहां पहले से ही मौजूद एक युवक ने उसे दबोच लिया। वहशी ने महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। आरोपी ने फरार होने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने उसे दबोच लिया और उसकी धुनाई कर दी। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रवेज निवासी बीच वाली मस्जिद गांव शेरनगर बताया। इसके चलते लोगों में रोष फैल गया। इसी बीच सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ के चंगुल से आरोपी को बचाया। पुलिस ने पीड़ित महिला को मेडिकल के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### शेष : प्रसव के बाद....

बिलखता छोड़ गई। वहीं दूसरी और मृतक महिला नगमा के पिहर वाले ने नगमा के पति मिजाज नन्द साहिबा सास अनीशा ससुर रियाज पर मृतक नगमा के साथ मारपीट व दहेज हत्या की थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

### शेष : बन्दर के काटने से...

मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों को पकड़वाने व रेबीज के इंजेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की है। फिरोजपुर बांगर में बंदरों का आतंक इस कदर सिर चढ़कर बोल रहा है कि गांव के लगभग एक दर्जन लोग इनके काटने से घायल हो चुके हैं। ग्राम प्रधान पति राजकुमार ने बताया कि फिरोजपुर बांगर के विधान, प्रेमो, शिवानी, वंशिका आदि लोग बंदरों के हमले से घायल हुए हैं। ग्रामवासियों ने बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

### शेष : पालिका में 25 करोड़...

प्रस्ताव मांगे गये थे। डीएम के निर्देश पर वरिष्ठ निकाय प्रभारी अधिकारी ने इसके लिए ईओ को निर्देशित किया था। पालिका में करीब 25 करोड़ के बजट से 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्रस्ताव तैयार किये हैं। इसमें जलकल व निर्माण विभाग में करीब 9-9 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव हैं, वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब सफाई कर्मचारियों को जरुरी उपकरण और वाहन खरीद के साथ ही कूड़ा निस्तारण प्लांट में कार्य कराने के प्रस्ताव शामिल हैं।

# अल कायदा प्रमुख अयमान अल जवाहिरी ने जारी किया वीडियो

बेरूत, 13 सितंबर ( वार्ता )। अमेरिका पर 9/11 हमले की 20वीं बरसी के मौके पर शनिवार को अलकायदा सरगना अयमान अल जवाहिरी का एक वीडियो संदेश दुनिया के सामने आया है, जबकि ऐसी अफवाह थी कि जवाहिरी की मौत हो गई है। जिहादी गुटों पर नजर रखने वाले साइट इंटेलिजेंस ग्रुप ने बताया कि जवाहिरी ने यरूशलम से लेकर कई मुद्दों पर अपनी बात रखी है। साइट की निदेशक रीता काट्ज ने कहा, ''उसकी ( जवाहिरी ) मौत की अफवाहों के बीच अल-कायदा नेता अयमान अल-जवाहिरी ने 60 मिनट के नए वीडियो में दिखाई दिया है। इस बार उसने कुछ सबूत पेश किया है कि वह मरा नहीं है।'' उन्होंने कहा कि जवाहिरी ने हालांकि अपने वीडियो में अफगानिस्तान में तालिबान की जीत का जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि उसने ( जवाहिरी ने भले ही अमेरिका के वापसी का जिक्र किया हो, लेकिन इसका ऐलान दोहा समझौते ( फरवरी 2002 ) से काफी पहले ही हो गया था। उन्होंने कहा, ''इसलिए यह भी हो सकता है कि उसकी मौत हो गयी हो। यदि अगर ऐसा हुआ है तो यह जनवरी 2021 के आसपास ही हुआ होगा।'' उन्होंने कहा, ''बहरहाल खुफिया एजेंसियों ने अभी तक कोई सबूत या ठोस आकलन पेश नहीं किया है कि जवाहिरी मर चुका है, जिससे उसको ( जवाहिरी ) लेकर सवाल बरकरार है।''

# पुलिस ने दो आरोपी भेजे जेल

मुजफ्फरनगर, १३ सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टे की खाईबाड़ी करने के आरोप में नगदी व पर्चियों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने सुजडू निवासी सलीम को सट्टे की खाईबाड़ी करने के आरोप में हजारों की नकदी व पर्चियों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके अलावा शहर कोतवाली पुलिस ने अदालत द्वारा जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट पर मिमलाना निवासी पप्पू को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# छात्र के साथ मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने दबोचा

चरथावल, १३ सितंबर (बु.)। चरथावल पुलिस ने बस स्टैंड पर छात्र के साथ मारपीट करने वाले दो युवकों को पकड़ लिया। भीड़भाड़ वाले इलाके बस स्टैंड पर छात्र के साथ दो युवकों ने मारपीट कर दी थी। बस स्टैंड पर मारपीट होने से अफरातफरी मच गई थी, जिसके बाद किसी युवक द्वारा मारपीट की वीडियो बना ली थी और यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी, जिसके बाद क्षेत्रीय पुलिस हरकत में आ गयी थी तथा वीडियो वायरल होने के कुछ ही घंटों के भीतर मारपीट करने वाले आरोपियों को पकड़ लिया था। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपी विपिन व सचिन निवासी कस्बा चरथावल को कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया है।

# मिशन शक्ति अभियान में छात्राओं को जागरूक किया

शामली, १३ सितम्बर (बु.)। शहर के श्री जैन कन्या इंटर कालेज में प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला उत्पीड़न का निषेध व निवारण के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नारी सशक्त व स्वालंबन के प्रति जागरूक किया। सोमवार को शहर के श्री जैन कन्या इंटर कालेज में प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ एसडीएम ऊन मणि अरोरा, डीआईओएस सरदार सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। छात्राओं द्वारा विस्मृत विभूतियां फीम पर फैंसी ड्रेस कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें कमला देवी, बेगम हजरत महल, तारा रानी श्रीवास्वत, ऊषा मेहरा, अमृत कौर बन कर छात्राओं ने नारी के सशक्त व स्वालंबन चरित्र को दर्शाया। एसडीएम मणि अरोरा ने कहा कि छात्राओं को अपने मन की शक्ति को पहचानने के लिए आगे आना चाहिए। डीआईओएस ने कहा कि समाज से अज्ञानता, विरक्षरता व अंधविश्वास को देर करने का दायित्व भी बच्चों का ही है। इस अवसर पर प्रबंधक वीरेन्द्र जैन, राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अमित मलिक, प्रधानाचार्या रूचिता ढाका आदि मौजूद रहे।

# जापान ने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने पर जताया विरोध

टोक्यो, 13 सितंबर ( वार्ता/स्पूतनिक )। जापान ने बिना अनुमति के उसके हवाई क्षेत्र में कथित तौर पर प्रवेश करने वाले एक रूसी विमान पर राजनयिक चैनलों के माध्यम से रूस के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। मुख्य कैबिनेट सचिव कात्सुनोबु कातो ने सोमवार को यह जानकारी दी। श्री कातो ने आज यहां संवाददाताओं से कहा, ''रविवार सुबह स्थानीय समय 9:37 बजे और 9:58 बजे एक रूसी विमान ने होक्काइडो द्वीप पर केप शिरेतोको के पास हमारे हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इस संबंध में रक्षा मंत्रालय ने वायु आत्मरक्षा बल के लड़ाकों ने वायु सीमा से पार खदेडा और विदेश मंत्रालय ने राजनयिक चैनलों के माध्यम से रूसी सरकार के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया।''

# पेगासस मामले में अंतरिम आदेश सुरक्षित

नयी दिल्ली, 13 सितम्बर ( वार्ता )। उच्चतम न्यायालय ने कथित पेगासस जासूसी मामले की विशेष जांच संबंधी याचिकाओं पर अंतरिम आदेश सोमवार को सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की खंडपीठ ने कई याचिकाओं की संक्षिप्त सुनवाई के बाद अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया। शीर्ष अदालत का यह रुख उस वक्त सामने आया जब केंद्र सरकार ने इस मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए अतिरिक्त हलफनामा दायर नहीं करने का निर्णय किया। केंद्र सरकार की ओर से पेश सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने खंडपीठ को बताया कि सरकार इस मामले में अतिरिक्त हलफनामा दायर नहीं करेगी क्योंकि इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला शामिल है। इसके बाद न्यायमूर्ति रमन ने कहा कि अगर सरकार अतिरिक्त हलफनामा नहीं दाखिल करती है तो न्यायालय को इस मामले में अपना आदेश जारी करना होगा। लगभग डेढ़ घंटे तक हुई बहस के बाद न्यायालय ने अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया।

# मुख्यमंत्री योगी कुशीनगर में बोले-पहले 'अब्बा जान' कहने वाले ही राशन पचाते थे



नई दिल्ली, १३ सितम्बर (नेट)। यूपी विधानसभा चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है, इसके चलते प्रदेश के विकास कार्यों में भी तेजी आ गई है, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संत कबीरनगर और कुशीनगर में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, सीएम योगी इस मौके पर जनता को संबोधित करते हुए अखिलेश सरकार पर जमकर हमलावर दिखे। सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तुष्टिकरण की राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है, आज गरीबों को राशन मिल रहा है, इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि क्या ये राशन २०१७ के पहले भी मिलता था? सीएम ने कहा कि २०१७ के पहले राशन नहीं मिलता क्योंकि तब अब्बा जान कहने वाले ही राशन हजम कर जाते थे, उन्होंने कहा कि आज इन गरीबों का राशन कोई हजम नहीं कर सकता, अगर कोई गरीबों का राशन हजम करेगा, तो वो जेल जाएगा। यूपी विधानसभा चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है, इसके चलते प्रदेश के विकास कार्यों में भी तेजी आ गई है, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संत कबीरनगर और कुशीनगर में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, सीएम योगी इस मौके पर जनता को संबोधित करते हुए अखिलेश सरकार पर जमकर हमलावर दिखे। सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तुष्टिकरण की राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है,आज गरीबों को राशन मिल रहा है, इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि क्या ये राशन २०१७ के पहले भी मिलता था? सीएम ने कहा कि २०१७ के पहले राशन नहीं मिलता क्योंकि तब अब्बा जान कहने वाले ही राशन हजम कर जाते थे, उन्होंने कहा कि आज इन गरीबों का राशन कोई हजम नहीं कर सकता, अगर कोई गरीबों का राशन हजम करेगा तो वो जेल जाएगा।सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोरोना पर प्रभावी नियंत्रण किया गया है। मैं सभी कोरोना वरियर्स का अभिनंदन करूंगा जिन्होंने कोरोना के दौरान जनता की सेवा की। अगर कोरोना सपा, बसपा और कांग्रेस के समय में आई होती तो जैसे आज केरल और महाराष्ट्र में स्थिति है वैसे यहां होती।

# आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

मुजफ्फरनगर, १३ सितंबर (बु.)। सोमवार की शाम मंसूरपुर क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर में आम के पेड़ से युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन की। मृतक के परिजनों ने हत्या कर शव को पेड़ से लटका देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधिकारियों से मामले के खुलासा करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार शाम क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर निवासी एक किसान के कोल्हू में आम के पेड़ से एक १७ वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे पर एक ग्रामीण ने लटकता हुआ देखा, तो उसने शव की पहचान कर मृतक युवक अनुज कुमार पुत्र विनोद कश्यप के परिजनों को मामले की जानकारी दी। सुनते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर सीओ खतौली आर.के. सिंह, थाना प्रभारी के.पी. सिंह, सोंहजनी चौकी इंचार्ज एसआई ब्रह्मजीत सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की बारीकी से छानबीन की। इसी बीच मृतक के परिजनों ने गांव के ही दो व्यक्तियों पर युवक की हत्या कर शव को पेड़ पर लटका देने का आरोप लगाया और आला अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग रखी। कुछ देर बाद एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों तथा परिजनों को कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। ग्रामीणों तथा परिजनों के संतुष्ट हो जाने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# १३५ एनसीसी कैडेटों का हुआ एंटीजन टेस्ट

शामली, १३ सितम्बर (बु.)। शहर के वीवी इंटर कालेज में एनसीसी कैडेटों का कोरोना टेस्ट कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वीवी इंटर कालेज, राष्ट्रीय किसान इंटर कालेज, आरके डिग्री कालेज, सत्यनारायण इंटर कालेज व सिल्वर बैल्स स्कूल के १३५ कैडेटों का एंटीजन व आरटीपीसीआर टेस्ट किया गया, जिसमें सभी कैडेटों का एंटीजन टेस्ट निगेटिव पाया गया। कैप्टन रजनीश कुमार ने बताया कि आगामी १७ सितंबर से झिंझाना शामली रोड पर शामली इंस्टीटयूट में ८५ यूपी बटानियन का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आरंभ हो रहा है, जिसके लिए कमान अधिकारी कर्नल विशाल बख्शी ने सुरक्षा एवं बचाव की दृष्टि से सभी कैडेटों का निर्देशित किया है कि सभी शिविर में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेटों को कोरोना रिपोर्ट निगेटिव होने पर ही शिविर में प्रवेश करने दिया जायेगा। बिना कोरोना टेस्ट रिपोर्ट के कोई भी कैडेट शिविर में भाग नहीं ले सकेगा। इसी को देखते हुए कैप्टन रजनीश कुमार के नेतृत्व में शामली शहर के अन्तर्गत आने वाले सभी स्कूलों के कैम्प में प्रतिभाग करने वाले कैडेटों को कोरोना टेस्ट कराया गया। इस अवसर पर डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. विजय कुमार, अमरपाल सिंह, दीपकुमार पांडे, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, श्रवण, शशिकांत, विनय कुमार आदि मौजूद रहे।

# चौथे दिन दीप महामंडल विधान का आयोजन

शामली, १३ सितम्बर (बु.)। शहर के श्री १००८ महावीर दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे दस लक्षण पर्व के चौथे दिन १३ दीप महामंडल विधान का आयोजन किया गया। इस दौरान जैन समाज के सैकडों महिला व पुरूषों ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। सोमवार को शहर के तालाब रोड स्थित श्री १००८ महावीर दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे दस लक्षण पर्व के चौथे दिन १३ दीप महामंडल विधान किया गया। विधानमंडल में विधि बनाई गई हैं, जिसमे शांति धारा अरुण जैन, मयंक जैन, भूपेंद्र जैन, ऋतु जैन, अमित जैन, मुकेश जैन द्वारा की गई। विधान के संयोजक वीरेश जैन कंडेला वालों ने बताया कि आज उत्तम शौच धर्म की पूजा की गई। सभी भक्तजनों इस विधान में भाग लिया। यह पर्व आत्मसिद्धि का पर्व है। विधान में अचार्य सतेंद्र जैन टीकमगढ़ ने विधि विधान से सभी को पूजा-अर्चना कराई। संगीतकार रमेशचंद्र नामदेव ने सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत कर समा बांधा और पाठ को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुदेश कुमार जैन, मंत्री राजेश जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, संयोजक वीरेश जैन कंडेला वाले, पंकज जैन, विकास जैन, भूषण लाल जैन, महेश जैन, पवन जैन, सुमित्रा जैन, इंदु जैन, रेखा जैन, बाला जैन, पुष्पा जैन, अनीता जैन, सुनीता जैन, रूबी जैन आदि मौजूद रहे।

# देश में पैदा हो रहे हैं तालिबानी, मदरसों की होनी चाहिए जांच : स्वामी प्रबोधानंद

शामली, १३ सितम्बर (बु.)। हिन्दू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरी ने कहा है कि हिन्दू की रक्षा देश की रक्षा है, हिन्दू है तो हिन्दुत्व है, लेकिन कुछ लोग देश को तोड़ने के लिए तालिबानी भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में कई ऐसे मदरसे हैं, जहां आतंकवाद की शिक्षा दी जाती है, सरकार को ऐसे मदरसों की जांच कराकर कडी कार्रवाई करनी चाहिए अन्यथा देश व मानवता के लिए खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि तालिबान का समर्थन करने वाले लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हिन्दू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरी का शामली के गांधी चौंक स्थित कुटीवाला मंदिर में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिन्दू की रक्षा देश की रक्षा है। हिन्दू है तो हिन्दुत्व है, लेकिन कुछ लोग भारत को तोड़ने के लिए तालिबानी भाषा बोल रहे हैं, जिनका इलाज जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश में आतंकवादी तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें सबसे पहला नंबर देवबंद का है, जहां कई मदरसों में आतंकवाद की शिक्षा दी जा रही है। सरकार को ऐसे मदरसों की जांच करानी चाहिए और ऐसे मामलों में सच्चाई मिलने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, अगर ऐसा न हुआ, तो देश व मानवता के लिए खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में कई लोग तालिबान का समर्थन करते हैं, जिनमें कुछ नेता भी शामिल है। ऐसे लोगों को भी सबक सिखाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दू भी लगातार एकजुट होता जा रहा है, आज ३० प्रतिशत हिन्दू एकजुट है और ७० प्रतिशत हिन्दू एकजुट हो जाए, तो तालिबान की भाषा बोलने वाले अपनी-अपनी मांद में घुस जाएंगे और बाहर निकलने की हिम्मत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा ३७० हटाकर यह साबित कर दिया है कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था और हमेशा रहेगा, यह साहस केवल पीएम मोदी ने दिखाया, अब से पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने इतनी हिम्मत नहीं दिखाई। प्रधानमंत्री ने पूरे देश का सम्मान बढ़ाया है, प्रधानमंत्री ने अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के मार्ग में आने वाली सभी बाधाओं को खत्म कराकर मंदिर निर्माण का भी सपना न केवल पूरा कराया, बल्कि खुद पहुंचकर मंदिर का भूमि पूजन भी कराया। स्वामी प्रबोधानंद गिरी ने कहा कि जिस देश का राजा धार्मिक होता है, वहां की प्रजा भी सुखी व समृद्ध रहती है। सर्कुलर का नारा देने वाले लोग हिन्दुओं के दुश्मन है, ऐसे लोग जातियों को तोडने का काम करते हैं, अगर हिन्दू एकजुट हो जाए, तो ऐसी राजनीति करने वाले कहीं नहीं मिलेंगे। इस अवसर पर उन्होंने शामली जनपद की कार्यकारिणी का गठन करते हुए सुरेश बजाज को जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी सोनू चावला, संयोजक संदीप उपाध्याय, महामंत्री महिपाल चौहान की नियुक्ति की घोषणा करते हुए संगठन को अपने धर्म का प्रचार करने व अधिक से अधिक लोगों को संगठन का सदस्य बनाने का आहवान किया। बैठक का संचालन अनिल वत्स व कमल बंसल ने किया। इस अवसर पर हिन्दू रक्षा सेना के प्रदेश संयोजक नवीन त्यागी, प्रदेश महामंत्री प्रवीण चौधरी, भाजपा जिला मंत्री विवेक प्रेमी, अमित गिरी, अमित, राहुल, सोमसिंह, अनुज राणा, टीकू गोस्वामी, पंकज पंडित, शुभम सिंह, नत्थू, चिराग, राजेश गिरी, आशु, देव मुंडेट, शिवा पंडित, गौरव जैन, राहुल कश्यप आदि भी मौजूद रहे।

# मोदी ने ऑस्कर के निधन पर शोक व्यक्त किया

नयी दिल्ली, 13 सितम्बर ( वार्ता )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ऑस्कर फर्नांडीज के निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोमवार को एक ट्वीट संदेश में कहा, ''राज्यसभा सांसद श्री ऑस्कर फर्नांडीज के निधन से दुखी हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थना उनके परिवार तथा शुभङ्क्षचतकों के साथ हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।'' उल्लेखनीय है कि श्री फर्नांडीज का लम्बी बीमारी के बाद आज कर्नाटक के मेंगलुरु में निधन हो गया।